# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025




डॉ. अभिमन्यु

उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के घर शादी की धूम!

# बेटे अभिमन्यु की रस्मों में उमड़ी भारी भीड़ माता पूजन में जमकर नाचे परिजन व दोस्त



परिजनों और दोस्तों के डांस का वीडियो सामने आया

अभिमन्यु की शादी 30 नवंबर को पद्मश्री डॉ. वाकणकर ब्रिज के पास शिप्रा तट, उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी के कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। अभिमन्यु यादव की शादी 30 नवंबर 2025 को पद्मश्री डॉ. वाकणकर ब्रिज के पास शिप्रा तट, उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में होगी।

मुख्यमंत्री के बेटे की शादी समारोहों के पहले दिन माता पूजन हुआ, जिसमें परिजनों के साथ कुछ मित्र भाजपा नेता शामिल हुए।



## सीएम दोपहर ढाई बजे उज्जैन पहुंचे

आयोजन के दौरान सीएम की बहन और नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से घर में खुशियों का प्रसंग आया है। यह हर्ष और उल्लास का अवसर है। भगवान सभी के जीवन में ऐसी खुशियां भरें। वहीं, सीएम की बेटी डॉ. आकांशा यादव भी भाई की शादी के जश्न में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि भाई की शादी है, खुशी का मौका है। सीएम दोपहर 2:30 बजे उज्जैन पहुंचे, इसलिए वह माता पूजन में शामिल नहीं हो सके, लेकिन अब शादी तक सभी कार्यक्रमों में वे मौजूद रहेंगे।

### सम्मेलन में 22 जोड़े लेंगे फेरे

*सामूहिक विवाह समारोह 30 नवंबर 2025 को सांवराखेड़ी में होगा, जहां एक साथ 22 जोड़े फेरे लेंगे। सामूहिक विवाह को लेकर सांवराखेड़ी में बड़े स्तर पर तैयारी चल रही है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटर की डंडों से पीट-पीटकर हत्या



**सागर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के लाजपतपुर में हिस्ट्रीशीटर की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को वारदात का वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी डंडों से मृतक को बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने संज्ञान में लिया है। प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वारदात 25 नवंबर की रात की है।

### महू में दिनदहाड़े 10 लाख रु. की लूट



**इंदौर।** महू में शुक्रवार सुबह ड्रीमलैंड चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ठीक बाहर बाइक सवार बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारियों से 10 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया। शराब कंपनी में काम करने वाले तीन कर्मचारियों ने बैंक से चालान भरने के लिए 10 लाख रुपए विड्रॉल किए और बैग में रख लिया।

### पिकअप-बाइक की भिड़ंत दो चचेरे भाइयों की मौत



**जबलपुर।** डिंडौरी जिले में गुरुवार देर रात बाइक और पिकअप की जोरदार टक्कर में दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अमरकंटक मार्ग स्थित ग्राम कूड़ा के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पिकअप में फंसकर घिसटती चली गई और कुछ ही क्षणों बाद आग की लपटों में जलकर राख हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## रायसेन की 6 साल की बच्ची का गुनहगार

*रायसेन ले जाते वक्त कीरत नगर में पुलिस की गाड़ी पंक्चर, दूसरी गाड़ी में सलमान को शिफ्ट करते वक्त उसने एसआई की रिवॉल्वर छीनकर भागने की कोशिश की*

# रात 3.30 बजे दरिंदे सलमान का शॉर्ट एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**पहले उसे राजधानी के जयप्रकाश फिर हमीदिया में कराया भर्ती, जहां हालत गंभीर**



कीरत नगर में फॉरेंसिक टीम पहुंची

दरिंदे सलमान की गिरफ्तारी तो हो गई है। पर, उसकी गिरफ्तारी पर व शॉर्ट एनकाउंटर पर कई सवाल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि उसकी फरारी के दौरान मदद किसने की?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

6 साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी करने वाले सलमान को भोपाल पुलिस ने गुरुवार रात सवा ग्यारह बजे गांधी नगर इलाके से दबोच लिया। भोपाल पुलिस ने उसे रायसेन पुलिस को सौंप दिया। रायसेन पुलिस उसे रायसेन ले गई पर रास्ते में रात लगभग 3.30 बजे गौहरगंज ले जाते समय रास्ते में कीरत नगर के पास पुलिस वाहन पंक्चर हो गया। आरोपी को दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करते समय जैसे ही पुलिस अधिकारी नीचे उतरे उसने तुरंत उनकी सर्विस रिवॉल्वर छुड़ा कर पुलिस पर दो फायर कर दिए।





हमीदिया अस्पताल में घायल आरोपी सलमान



रायसेन में आईजी मिथिलेश शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटनाक्रम की जानकारी दी

**दुष्कर्म के बाद जंगल में छिपा रहा सलमान**

**रात में बायपास से बस पकड़कर पहुंचा था भोपाल**

### सलमान ने काजी कैंप में दो दिन तक हम्माली भी की

सुलतानगंज थाना प्रभारी श्यामराज ने बताया कि सलमान के बारे में पुलिस ने पूरी जानकारी जुटा ली थी। पुलिस पहले तो पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों के कहने पर जंगल में सर्चिंग करती रही फिर रायसेन और आसपास उसकी तलाश की। गंभीर प्रकरण होने के कारण लोगों में आक्रोश था। पुलिस धरना प्रदर्शन चक्काजाम में व्यस्त रही। लिहाजा, भोपाल में उसकी सर्चिंग करने में देरी हो गई। वे दस पुलिसकर्मियों के साथ दो गाड़ियों से भोपाल पहुंचे थे। दुर्गा नगर में आरोपी के आने की पुष्टि होने के बाद यह तय हो गया था कि आरोपी भोपाल में है। गुरुवार सुबह से रात तक आरोपी की तलाश रहे थे।

**सीएम डॉ. यादव का बड़ा बयान**

### कानून को हाथ में लेने वालों को हम छोड़ने वाले नहीं

शॉर्ट एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी सख्त बयान आया है। उन्होंने कहा कि जो कानून को हाथ में लेगा, सरकार उससे निपटना जानती है। हमारी पकड़ से कोई भाग नहीं सकता। कानून को हाथ में लेने वालों को हम छोड़ने वाले नहीं हैं। अपराधियों के खिलाफ हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है।

आईजी मिथलेश शुक्ला से सीधी बातचीत

### जिन लोगों के संपर्क में रहा सलमान, उनकी भी खैर नहीं

*सलमान ने 6 दिन की फरारी कहां काटी?*

जवाब - हम सलमान से पूछताछ के बाद ही कुछ स्पष्ट कह पाएंगे।

*क्या करता रहा 6 दिन?*

जवाब - हमें भी इन्हीं बातों का इंतजार है।

*इस दौरान किनके संपर्क में रहा?*

जबाव - कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उनके बारे में जानकारी लगाई जा रही है।

*पुलिस ने उसे कैसे पकड़ा?*

जवाब - पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके आधार पर लोगों ने वेरिफाई करते हुए सूचना दी।

*क्या भोपाल की किसी कॉलोनी में उसे शरण मिली हुई थी?*

जवाब - स्थानीय लोगों से इंकार किया है। फिर से पुलिस जांच कर रही है।

*पुलिस इनाम किसे देगी?*

जवाब - आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए ज्यादा जरूरी है। इनाम किसे दिया जाएगा। यह बाद का विषय है।

*क्या पुलिस अपनी इंटेल में मात खा गई, सलमान भोपाल में था और पुलिस जंगलों में?*

जवाब - पुलिस कई एंगल पर काम कर रही थी। रायसेन के अलावा दूसरे जिलों में भी सर्चिंग की गई थी। जहां तक इंटेल का सवाल है तो कई लेवल पर वेरिफाई करने के साथ ही सफलता नहीं मिली।

*सलमान भोपाल था रायसेन कहां पेश किया गया?*

जवाब - एक- दो दिन में आरोपी को रायसेन कोर्ट में पेश किया जाएगा।

*सलमान ने पूछताछ में क्या बताया?*

जबाव - अभी हालत उसकी ऐसी है कि सभी सवाल पूछे जाए। हमें भी कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब चाहिए।

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन का भारत दौरा

## 4 व 5 दिसंबर को पीएम मोदी के न्योते पर आ रहे हैं दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर 4-5 दिसंबर को भारत आ रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है। माना जा रहा है कि इस दौरे में रूसी राष्ट्रपति से तेल खरीद के साथ और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

- **मोदी से करेंगे द्विपक्षीय वार्ता रक्षा और व्यापार पर होगी चर्चा**



फाइल फोटो

### राष्ट्रपति भवन में दावत का आयोजन

विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में दावत का आयोजन करेंगी।

## डब्लूपीएल 2026: पूजा वस्त्राकर पर आरसीबी की 85 लाख की बड़ी बोली



**शहडोल।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर ने महिला प्रीमियर लीग 2026 में अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष को साबित करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम में 85 लाख रुपये में शामिल हो गईं। लंबे समय से कंधे की गंभीर चोट से जूझ रहीं पूजा ने निरंतर मेहनत और रिहैबिलिटेशन के बाद वापसी की। पूजा की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके लिए बल्कि शहडोल जिले के लिए भी गर्व का क्षण है।पूजा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में वनडे, टी-20 और टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। डब्लूपीएल 2023 में भी उन्हें मुंबई इंडियंस ने 1.90 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनके कोच आशुतोष श्रीवास्तव का कहना है कि पूजा की सबसे बड़ी ताकत उनकी अनुशासन और मेहनत है।

*देश में एक नया अध्याय शुरू*

## कोटा बना देश का पहला ट्रैफिक-सिग्नल मुक्त शहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

21वीं सदी के शहरों के लिए शहरी गतिशीलता सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुकी है। बढ़ती आबादी और वाहनों की निरंतर वृद्धि ने पारंपरिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम को समाधान से ज्यादा बाधा में बदल दिया है। यही कारण है कि अब कई नगर नियोजक यह सवाल उठाने लगे हैं कि क्या भविष्य के शहरों को सिग्नल-फ्री होना चाहिए? राजस्थान के कोटा ने इस सवाल का जवाब देते हुए देश में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है।



कोटा की सड़कें






## मजबूत वृद्धि दर: अनुमान से भी आगे निकले आंकड़े, आ गई रिपोर्ट

भारत की जीडीपी दूसरी तिमाही में अनुमान से काफी बेहतर रही

# बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ी जीडीपी इस बार 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर अवधि) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल की है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दी गई।

इससे वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में विकास दर 8 प्रतिशत की हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 6.1 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में देश की नॉमिनल जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की दर से इजाफा हुआ है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रियल जीडीपी वृद्धि दर प्रतिशत से ऊपर निकलने की वजह द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन था।

### फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज की यह रही वृद्धि दर




फाइल फोटो

द्वितीयक क्षेत्र में शामिल मैन्युफैक्चरिंग की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही है। तृतीयक क्षेत्र में फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और उससे जुड़े हुए सेक्टर की विकास दर 3.5 प्रतिशत रही है। वहीं, इलेक्ट्रिक, गैस, वाटर सप्लाई और अन्य यूटिलिटी सर्विसेज सेक्टर की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही है।

### पीएफसीई में कितनी हुई बढ़त?

वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में 7.9 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इसमें 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) में 2.7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.3 प्रतिशत बढ़ा था। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निर्यात 5.6 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3 प्रतिशत बढ़ा था।

## खबर संक्षेप

### सिटीजंस फोरम ने सीएस को लिखा पत्र

**भोपाल।** शहर के बड़े तालाब के जलग्रहण क्षेत्र में आवास निर्माण के विरोध में भोपाल सिटीजंस फोरम ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। फोरम के संयोजक सुरेंद्र तिवारी ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि तालाबों के जलग्रहण क्षेत्र में आवासीय प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना ठीक नहीं है। निगम द्वारा किए गए निर्माण को यदि मान्यता दी जाती है तो जलग्रहण क्षेत्र में अन्य विकास संभावना तेज हो जाएगी जो तालाब के स्वास्थ्य के लिए हानिकारण सिद्ध होगा।

### वकीलों ने कहा- डाऊ केमिकल घटना के समय अस्तित्व में नहीं थी

**भोपाल।** यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना मामले में यूनियन काबाईड कंपनी को खरीदने वाली डाउ केमिकल कंपनी की आपराधिक जिम्मेदारी निर्धारित किए जाने को लेकर जिला न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। डाउ केमिकल डाव केमिकल के अधिकृत प्रतिनिधि एमी विल्सन की ओर से वकीलों ने तर्क प्रस्तुत किए कि डाउ ने कोई अपराध नहीं किया है। क्योंकि उसने आपदा के 17 साल के बाद यूनियन कार्बाइड कंपनी को खरीदा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमलता अहिरवार के न्यायालय में सुनवाई के दौरान डाऊ केमिकल कंपनी वकीलों का कहना था कि यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना वर्ष 1984 में घटित हुई थी। इसके लगभग तीन वर्ष बाद पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। पुलिस द्वारा जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए चालान में 11 आरोपी बनाए गए थे। इन 11 आरोपियों में डाऊ केमिकल कंपनी का नाम नहीं था। गैस दुर्घटना के समय डाऊ केमिकल कंपनी भारत अस्तित्व में भी नहीं थी। इसलिए डाऊ केमिकल कंपनी को आरोपी नहीं बनाया जा सकता है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता शैतान सिंह के भाई का निधन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के भाई नन्नूलाल पाल का गुरुवार को राजधानी में निधन हो गया। श्री पाल 76 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 11 बजे शाहपुरा स्थित शैतान सिंह पाल मार्केट से भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी।

## 70 करोड़ रुपए के आयुर्वेदिक महाविद्यालय की दी सौगात

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना में किया 162 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गुरुवार को श्योपुर के बाद मुरैना पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौगातों का पिटारा खोल दिया। एसएएफ पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उन्होंने 162.55 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

इन विकास कार्यों में नया आयुर्वेदिक महाविद्यालय, 100 बिस्तरीय अस्पताल, न्यू तहसील भवन और कई शैक्षिक संस्थान शामिल हैं। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण, काम में आएगी तेजी**

**मुरैना के विकास कार्यों में नहीं छोड़ेंगे कोई भी कोर कसर**



मुरैना में विकास कार्यो का भूमिपूजन करते सीएम और विस अध्यक्ष।

### सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल भी किया जाएगा विकसित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुरैना को दिया गया लगभग 70 करोड़ रु लागत का नया आयुर्वेदिक महाविद्यालय भवन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने घोषणा की कि इसी परिसर में 100 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक आयुर्वेदिक अस्पताल भी विकसित किया जाएगा, जिससे जिले में चिकित्सा सुविधाओं में बड़ा विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि मुरैना के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लोकार्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जाते समय वीआईपी रोड पर मुरैना तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन आधुनिक भवनों के शुरू होने से प्रशासनिक सेवाओं में गति आएगी और नागरिकों के कार्य अधिक सुगमता से हो सकेंगे। सभा स्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने सांदीपनी उमा विद्यालय और अंबाह में 50 सीटर अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नव-निर्मित भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।

### प्रत्येक विद्यालय के लिए अत्याधुनिक भवन की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि आज मुरैना जिले को विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिल रही है। दो सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण हुआ। यहां पढ़ने वाले बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और राजनेता बनेंगे। उन्होंने मुरैना में प्रत्येक भवन विहीन विद्यालय में सर्वसुविधा युक्त भवन बनाने की घोषणा की। डॉ यादव ने सांदीपनि विद्यालय गोठ एवं अंबाह के विद्यार्थियों से वर्चुअली संवाद किया और बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर में अब मुरैना उद्योग नगरी के रूप में विकसित हो रहा है। अगले महीने पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर जिलों में एक साथ विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा।

**उद्योग नगरी के रूप में विकसित हो रहा मुरैना**

## कांग्रेस पर कसा तंज, बोले- किसानों को हक हमने दिया, कांग्रेस ने कभी नहीं ली सुध

# सीएम डॉ. यादव ने 3 लाख किसानों के खातों में अंतरित किए 238 करोड़ रुपए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### श्योपुर के बड़ौदा में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के बड़ौदा में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब भी किसानों पर संकट आया है, भाजपा सरकार ढाल बनकर खड़ी हुई है। कांग्रेस की सरकारें 70 साल रहीं, पर किसानों के पसीने की कीमत कभी नहीं समझीं। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कान खोलकर सुन लें कांग्रेसी, उन्होंने चवन्नी कभी दी नहीं।

हम 16 हजार प्रति हेक्टेयर का लाभ दे रहे हैं। कांग्रेस तीन हजार प्रति हेक्टेयर भी नहीं देती थी। डॉ. यादव ने इस अवसर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 3 लाख 5 हजार 410 प्रभावित किसानों के खातों में 238 करोड़ 78 लाख रुपए की मुआवजा राशि अंतरित की।

*» 70 सालों में किसानों की कीमत कांग्रेस ने नहीं समझी*

*» सिंगल क्लिक के माध्यम से 5 हजार 410 किसानों को दिया लाभ*


श्योपुर मे विकास कार्यो का लोकार्पण भूमिपूजन करते सीएम और विस अध्यक्ष।

#### विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

लोकार्पण में सेसईपुरा में 2.75 करोड़ का आदिवासी बालक आश्रम भवन, श्योपुर में 14.80 करोड़ की लागत से नर्सिंग कॉलेज भवन, 14.95 करोड़ की लागत से 50 बिस्तर का एकीकृत आयुष अस्पताल, 96 लाख की लागत से बागवानी एवं खाद-प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केंद्र, लहरौनी 2.61 करोड़, बलावनी 2.53 करोड़, डाबीपुरा 2.49 करोड़ में नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का शिलान्यास शामिल है।

### किसान और जवान की चिंता कर रही भाजपा सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान खेत में है और जवान सीमा पर। दोनों की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। भाजपा सरकार खेत से लेकर मंडी तक किसान का हर दर्द समझती है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ने गांवों में विकास की नई क्रांति लाई। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजना रोकने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस कह रही थी कि हम भावांतर का पैसा नहीं देंगे। आकर देख लो कांग्रेसी, जो कहा है वो पूरा कर दिखाया है। पप्पू और पप्पू की मम्मी की सरकार खत्म हो गई। भगवान राम का प्रमाण मांगने वाले कांग्रेसी आज राम मंदिर जगमगाता देख रहे हैं।

### प्रत्येक प्रभावित किसानों को मिला राहत पैकेज का सीधा लाभ

श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार और खंडवा जिलों के 2148 ग्रामों के किसानों को इस राहत पैकेज का सीधा लाभ मिला है। श्योपुर के किसानों को मुआवजे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। फसल क्षति की मार झेल रहे श्योपुर जिले के 10,078 धान प्रभावित किसानों के खातों में 100 करोड़ 83 लाख रुपए पहुंचे। हरदा के 95989 किसानों को सोयाबीन क्षति पर 71.52 करोड़, विदिशा के 51830 किसानों को सोयाबीन और उड़द में नुकसान पर 29.15 करोड़, नर्मदापुरम के 22779 किसानों को 19.84 करोड़, धार के 19173 किसानों को 1031 करोड़, और खंडवा के 12961 किसानों को पीला मौजेक कीट से प्रभावित फसलों के लिए 7.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल को किया नजरबंद

बड़ौदा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूर्व कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल को पुलिस प्रशासन ने सुबह ही नजरबंद कर दिया। जंडेल ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुलाकात करना चाहते थे, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें समय नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि कांग्रेस विधायक होने के कारण पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली प्रभारी सतीश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विधायक को पाली रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान से डिटेन किया।

## एसआईआर कार्यशाला में बोले खंडेलवाल

# एसआईआर पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


हेमंत खंडेलवाल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ के होटल सोनाकुंज में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं था। कांग्रेस आजादी के आंदोलन के समय एक अंग्रेज द्वारा बनाया गया एक मंच था, जिसमें सभी विचारधारा के लोग शामिल होकर देश को आजाद कराने का कार्य कर रहे थे। देश के आजाद होने के बाद महात्मा गांधी कांग्रेस को समाप्त करना चाहते थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के लिए इसका उपयोग किया।

### भाजपा ने विचारधारा से कभी नहीं किया समझौता

खंडेलवाल ने कहा कि नेहरू परिवार आज भी इसका उपयोग सत्ता के लिए कर रहा है, जबकि कांग्रेस की अपनी कोई विचारधारा ही नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अपने गठन के समय से लेकर आज तक एक विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने अपने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक है। एसआईआर का विरोध करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि देश में एसआईआर की शुरूआत कराने वाले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी क्या गलत थे। कार्यकर्ता एसआईआर में मतदाताओं का सहयोग करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम न कटने पाए।

### एनएचएम ने एक साथ 100 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति की

**भोपाल।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार व उन्हें और बेहतर किए जाने की दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मप्र द्वारा 100 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की नियुक्ति की गई है। ये सीएचओ उपस्वास्थ्य केंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवाएं देंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इन नियुक्ति में आकांक्षी और उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में स्वास्थ्य सेवाए सुदृढ़ करने का विशेष ध्यान रखा है। इन जिलों में बडवानी, उमरिया, शहडोल, मण्डला, छतरपुर एवं दमोह शामिल है।

## कार के उड़े परखच्चे, पुलिस कर रही जांच

# तेज रफ्तार बस और कार में भिड़ंत, 25 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के व्यासनगर के पास तेज रफ्तार बस और कार में जोरदार भिड़ंत हुई है। हादसे में बस सड़क के किनारे जा पलटी जिसमें 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं हादसे में कार सवार भी तीन लोग घायल हुए हैं। हादसा इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए हैं। सभी घायलों को पामगढ़ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। शिवरीनारायण से बिलासपुर जा रही तेज रफ्तार बस और तेज रफ्तार कार में भिड़ंत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुलमुला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी अस्पताल पामगढ़ भेजा गया है जहां सभी का प्राथमिक उपचार जारी है।

## एसआईआर में पूर्ण किया शत प्रतिशत कार्य

# जिले के 19 बीएलओ को किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले जिले के 19 बीएलओ को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर कार्य समयपूर्व पूरा करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहन स्वरूप यह सम्मान दिया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित बेक, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विक्रांत अंचल एवं जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। ऐसे में जब एसआईआर को एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, ये सम्मानित बीएलओ उनके लिए उदाहरण हैं।

## सीसीटीवी फुटेज में दिखी संदिग्ध महिला

# दो वर्षीय बच्ची को लेकर अज्ञात महिला गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो वर्षीय बच्ची अंशिका भट्ट के गायब होने की घटना ने पूरे शहर में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। बच्ची की माँ वर्षा ठाकुर ने 24 नवंबर को अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत सबसे पहले जीआरपी थाना रायपुर में दर्ज कराई थी। प्राथमिक जाँच के बाद मामला क्षेत्राधिकार बदलने के चलते गंज थाना को ट्रांसफर कर दिया गया है। मामले की शुरुआत 21 नवंबर की शाम हुए एक पारिवारिक विवाद से हुई। डोंगरगढ़ निवासी वर्षा ठाकुर और उनके पति प्रशांत भट्ट के बीच कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद पति नाराज़ होकर दो साल की बच्ची को साथ लेकर घर से निकल गया। वह बच्ची को लेकर उसी रात रायपुर रेलवे स्टेशन पहुँचा। स्टेशन परिसर



में वह ठेले से समोसा खरीदने के लिए कुछ पल के लिए रुका। यहीं पर घटना ने खतरनाक मोड़ ले लिया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, मौके पर मौजूद एक अनजान महिला ने पिता की व्यस्तता का लाभ उठाया और मासूम को गोद में उठाकर भीड़ में गायब हो गई। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने उस महिला की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए टीमें गठित कर दी हैं।

## मुख्य धारा से जुड़ने का एक प्रयास

# फिर दस नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज:रायपुर

नक्सलियों में लगातार चल रही आपसी कलह के चलते नक्सलियों को अब बंदूक की जगह शांति नजर आ रही है। जहां कल तक उनके साथ बंदूक लेकर जंगलों की खाक छाना करते थे, अब वे इस दुनिया की रंगीन रंगों को देखने के लिए मुख्य धारा में जुड़ने लगे है। जिसका सबसे बड़ा कारण है कि शुक्रवार की शाम को डीकेएसजेडसी सदस्य ने अपने 9 साथियों के साथ लाल गलियारे को त्याग करते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि लगातार नक्सली की टीम बिखरती जा रही है, नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नक्सली अब धीरे धीरे जागरूक होते जा रहे है, अपने साथियों को टूटते संगठन से हटकर समर्पण करने की बात कही जा रही है।

## आरजीपीवी:ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने और भ्रष्टाचार में सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में बीते पांच वर्षों से जारी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की ऑडिट रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की। अभाविप के प्रान्त मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार शीघ्र विवि को हस्तगत करते हुए धारा 54 लागू करे एवं ऑडिट रिपोर्ट सावज़्जनिक करते हुए उसकी सीबीआई जांच सुनिश्चित कराए। अन्यथा अभाविप उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

## पुलिस विभाग के अफसरों पर जताई नाराजगी, मुख्यालय के अफसर भी अलर्ट

# कानून व्यवस्था पर डीजीपी के निर्देश- हालात पर दें ध्यान, रात में गश्त पर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिलों में पदस्थ ऐसे पुलिसकर्मी और अधिकारी जो शाम होते ही क्रिकेट और टेनिस खेलना शुरू कर देते हैं। उन तमाम अधिकारियों को डीजीपी कैलाश मकवाना ने चेतावनी भरे हुए लफ्जों में हिदायत दी है।



डीजीपी ने कहा कि रात में गश्ती के लिए निकल जाए। हालातों पर ध्यान दें और खेलकूद से जरा दूरी बनाएं। हालांकि ऐसा है कि पुलिस अधीक्षकों का ही यही रवैया है। मुख्यालय की भी यही स्थिति है। डीजीपी बातों से कई बड़े अफसर भी अलर्ट हो गए है। अधीक्षकों को डीजीपी कैलाश मकवाना ने पाइंट आउट कर लिया है। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जो शाम होते ही अपने पसंद के खेल को खेलने के लिए निकल जाते हैं। इन सभी को डीजीपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि शाम और रात में अपनी खेलने की आदत और शौक को फिलहाल दूर रखे। यह समय सिर्फ फील्ड में काम करने का है। यह बात उन्होंने ने बुधवार रात को पुलिस मुख्यालय से वीडियो क्रॉफ्रेंसिंग कर सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों से कही है। दरअसल पुलिस मुख्यालय के पास बार-बार यह शिकायतें आ रही है कि कुछ अफसर अपने शौक के लिए खेल को इतनी तवज्जो दे रहे है कि कई बार वे ऑफिस में ही नहीं बैठते।

### कुछ अफसरों की लापरवाही के चलते सभी अफसरों पर जताई अप्रसन्नता

सूत्रों की मानी जाए तो डीजीपी ने कहा कि कुछ अफसर काम के समय क्रिकेट, स्विमिंग, टेनिस खेलने के लिए चले जाते हैं। वे यह समझ लें कि यह समय खेलने का नहीं होता है। इस समय हमें फील्ड में रहना चाहिए। अपने शौक बाद में पूरे करें या दिन भर में ऐसा कोई समय निश्चित करें, जिसमें कामकाज कम हो, लेकिन शाम के समय यह नहीं चलेगा। शाम और रात को सभी अफसर को अलर्ट मोड पर रहना होगा। एसपी, एडिशनल एसपी, सीएसपी और टीआई सभी फील्ड में रहें या कंट्रोल रूम में रहें।

### वीसी में अफसरों को दी नसीहत

*शाम होते ही वे सब काम काज छोड़कर क्रिकेट, बेडमिंटन और टेनिस खेलने, स्विमिंग करने या जिम करने के लिए निकल जाते हैं। इन शिकायतों के बाद डीजीपी ने अपने स्तर पर पता लगाया कि प्रदेश के कौन-कौन अफसर ऐसा कर रहे हैं। जबकि डीजीपी चाहते हैं कि शाम से देर रात तक अफसर फील्ड में रहें, ताकि कानून-व्यवस्था कायम रहे, और पुलिस अफसर क्षेत्र में निकल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। बुधवार को जब डीजीपी वीसी के जरिए अफसरों से बात कर रहे थे, तब उन्होंने इसका जिक्र कर दिया।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा



### पीएम मोदी ने गोवा में श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

# यह अयोध्या की मूर्ति के समान, धनुष-बाण धारी भगवान राम के सौम्य चेहरे का भाव दर्शाया गया

### यह प्रतिमा कांस्य से बनी और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी

एजेंसी ▶▶ गोवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा में भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा कांस्य से बनी है और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी है। भगवान श्रीराम की इस प्रतिमा का स्वरूप अयोध्या की मूर्ति से काफी मिलता-जुलता है। इसमें भगवान राम के हाथ में धनुष-बाण और चेहरे पर सौम्यता व दिव्यता का भाव दिखता है। पीएम मोदी ने श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष के उत्सव 'सार्ध पंचशतामनोत्सव' में शामिल होकर प्रतिमा का अनावरण किया।

### नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार के मार्गदर्शन में बनी प्रतिमा



बटन दबाकर अनावरण करते पीएम मोदी

इस प्रतिमा को नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। राम सुतार ने ही गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी डिजाइन की थी। गोवा में श्रीराम की प्रतिमा के साथ रामायण थीम पार्क और राम संग्रहालय भी बनाया जा रहा है।

### गोकर्ण पर्तगाली मठ के बारे में जानें

यह सारस्वत ब्राह्मण समुदाय का एक सम्मानित धार्मिक केंद्र है। इसकी स्थापना 1656 ईसवीं में श्री राम चंद्र तीर्थ ने की थी। मठ में भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता मुख्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। देशभर में इस मठ की 33 शाखाएं हैं। मठ का 550वां वार्षिकोत्सव 31 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान राम नाम जप अभियान, भजनी सप्ताह और 11 दिन का उत्सव आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप

### 'महावतार नरसिम्हा' की ऑस्कर में एंट्री



**नई दिल्ली।** अश्विन कुमार की एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' को बड़ी सफलता हासिल हुई है। ये फिल्म इसी साल थिएटर्स में रिलीज हुई और फिल्म को खूब प्यार मिला। इस एनिमेटेड फिल्म को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। फिल्म को ऑस्कर नॉमिनेशन में जगह दी गई है। अकादमी के ऑफिशियल लिस्ट के मुताबिक 'महावतार नरसिम्हा' को बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म के लिए नॉमिनेट किया गया है।

### नींद से जगाने पर नाराज हुआ मजदूर, कर दी हत्या



**मंदसौर।** यहां मामूली सी बात पर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मंदसौर के एसपी विनोद मीणा ने कालाखेत बाजार में दुकान के बाहर सो रहे जहूर शाह को मुबारक ने जगाने की कोशिश की। मुबारक शराब के नशे में था। आरोपी जहूर की नींद डिस्टर्ब हुई, तो उसने उठते ही उसकी ताबड़तोड़ पिटाई शुरू कर दी। आरोपी ने मुबारक के सिर पर एक के बाद एक कई वार किए।

### क्लास की रील बनाई, पिता को बुलाया तो कूदा छात्र



**इंदौर।** रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत डोंगरे नगर में स्थित बोधि इंटरनेशनल स्कूल की तीसरी मंजिल से आठवीं कक्षा के एक छात्र ने छलांग लगा दी। दरअसल, छात्र ने मोबाइल से क्लास की रील बनाते हुए पकड़ा गया। प्रबंधन ने उसके पिता को बुलवाया था। इसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। घायल छात्र को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, फिर निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट सख्त

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# पीरियड्स साबित करने प्राइवेट पार्ट का फोटो मांगा... कोर्ट बोला-यह तो 'दूषित' मानसिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सफाईकर्मियों से यह साबित करने के लिए उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगी गईं कि उनका मासिक धर्म (पीरियड) चल रहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मासिक धर्म के दौरान अवकाश दिया जा रहा है। इसे पढ़कर मैंने सोचा कि क्या अब अवकाश देने के लिए भी सबूत मांगा जाएगा? उन्होंने कहा कि इससे संबंधित लोगों की सोच जाहिर होती है। अगर महिला कर्मचारी किसी जरूरी काम के लिए हाजिर नहीं थीं, तो किसी और को काम पर लगाया जा सकता था। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि इस मामले में कुछ सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बार निकाय ने यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे हैं कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, सम्मान, शारीरिक स्वायत्तता और निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो

### याचिका पर 15 दिसंबर को अगली सुनवाई

बेंच ने कहा कि कर्नाटक में मासिक धर्म के दौरान अवकाश दिया जा रहा है तो क्या अब अवकाश देने के लिए भी सबूत मांगा जाएगा?



### महिलाओं ने लगाए थे आरोप

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि सुपरवाइजर्स ने कहा कि वे सहायक रजिस्ट्रार श्याम सुंदर के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। सुंदर ने इन आरोपों से इनकार किया है। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिकी में आपराधिक धमकी, यौन उत्पीड़न, महिला की मर्यादा का अपमान करने और मारपीट या बल प्रयोग से जुड़ी धाराएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो सकती है।

### यह एक गंभीर आपराधिक मामला

*सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट बार संघ के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है और इस पर ध्यान देना आवश्यक है। अब इस याचिका को 15 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। याचिका में केंद्र और हरियाणा सरकार से इस घटना की विस्तृत जांच कराने के निर्देश की मांग की गई है। बार निकाय ने यह भी मांग की है कि महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और निजता का उल्लंघन न हो, इसके लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाएं।*

### 3 लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

*पुलिस के मुताबिक महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय से जुड़े तीन लोगों के खिलाफ 31 अक्टूबर को यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मियों से उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगीं, ताकि यह साबित किया जा सके कि उनका मासिक धर्म चल रहा है। विश्वविद्यालय ने बयान जारी कर कहा कि उसने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के जरिये संविदा पर रखे गए दो सुपरवाइजर्स को निलंबित कर दिया है और आंतरिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। यह घटना 26 अक्टूबर को उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष विश्वविद्यालय के परिसर में आने वाले थे।*

### यह इंसानों व पशु-पक्षियों के लिए खतरनाक

# मकर संक्रांति पर इंदौर में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध

**आदेश का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले में मकर संक्रांति के त्योहार को देखते हुए चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि यह मांझा इंसानों और पशु-पक्षियों दोनों के लिए गंभीर खतरा है। पूर्व में चाइनीज मांझे से कई गंभीर चोटों और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कांच से लेपित यह नायलॉन मांझा आसमान में पतंग उड़ाने वालों के लिए आकर्षक तो होता है, पर यह अक्सर सड़क चलने वालों, बाइक सवारों और पक्षियों को गहरी चोट पहुंचा देता है।

### ग्वालियर में हिट एंड रन केस

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को उड़ाया, मां-बेटे की मौत

**दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ा**



हादसे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

पुरानी छावनी स्थित निरावली पॉइंट पर शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मोती झील कृष्णा पहाड़ी निवासी चमेली बघेल (45), पत्नी अतर सिंह बघेल, अपने बेटे धर्मेंद्र बघेल (27) के साथ शुक्रवार दोपहर एक कार्यक्रम में शामिल होकर कैलारस (मुरैना) से लौट रही थीं।

### हरियाण के शख्स ने खरीदी

# भारत की सबसे महंगी नंबर प्लेट 1.17 करोड़ में बिकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में बिकी एक फैंसी नंबर प्लेट ने पूरे देश का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए एचआर 88 बी 8888 की नीलामी 1.17 करोड़ रुपए में हुई। वैसे तो अधिकारियों ने अभी तक बोली लगाने वाले की पहचान उजागर नहीं की है और न ही ये बताया है कि यह नंबर प्लेट किस गाड़ी के लिए ली गई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इसे हिसार के 30 साल के बिजनेसमैन सुधीर कुमार ने खरीदा है। फैंसी नंबर प्लेट के लिए पहले परिवहन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्टर करना होता है। इसके बाद जरूरी डिटेल भरने होते हैं। आम तौर पर नीलामी कम रकम से भी शुरू हो जाती है, लेकिन क्योंकि अधिकारियों को भी पता है कि ये खास नंबर है, इसलिए इसकी नीलामी का बेस प्राइज 50 हजार रुपए रखा गया।



■ दुनियाभर में फैंसी नंबर प्लेट का क्रेज

### तीनों प्रारूप में कोच बने रहेंगे गौतम गंभीर

# द. अफ्रीका से हार के बावजूद बीसीसीआई ने जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले एक साल में टीम इंडिया को घर पर दो टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद भले ही आलोचना तेज हो गई हो, लेकिन इसके बावजूद गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल कोचिंग सेटअप में किसी बदलाव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

एक बोर्ड अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि वह तीनों फॉर्मेट के हेड कोच बने रहेंगे, किसी बदलाव पर विचार नहीं हो रहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की टेस्ट सीरीज हार ने भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास पर बड़ा असर डाला है। इससे पहले नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भी भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप किया था।



■ हार के बाद सवालों से घिर गए थे गंभीर

# *स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी की अस्थियों का सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में विसर्जन*



**लखनऊ।** आईएनएच-हरिभूमि और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने पिता स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी की अस्थियों का विसर्जन कासगंज के सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में किया। इस मौके पर शिवांश द्विवेदी भी मौजूद थे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने घाट पर पूजा-अर्चना भी की।

### झाबुआ के बामनिया रेलवे स्टेशन का मामला

# स्कूल ड्रेस में नाबालिग प्रेमी जोड़ा ट्रेन के आगे कूदा, मौत

दोनों नाबालिग रिश्ते में भाई-बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

जिले के बामनिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर स्कूल ड्रेस में नाबालिग छात्र-छात्रा चलती ट्रेन के आगे कूद गए। दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गवर्मेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला प्रेम प्रसंग में सुसाइड का बताया जा रहा है। दोनों की पहचान रामपुरिया निवासी के रूप में हुई है। छात्रा पेटलावद में पढ़ती थी।



रेलवे ट्रैक पर पड़े शव

पड़ोसियों के मुताबिक दोनों नाबालिग रिश्ते में भाई-बहन हैं। छात्र के पिता लड़की के परिवार में घर जमाई बन कर आए थे। छात्रा उनको फूफा कहती थी। आत्महत्या करने से कुछ ही देर पहले छात्र ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दोनों की एक तस्वीर पोस्ट की थी। पुलिस का कहना है कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि किन कारणों से दोनों ने एक साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुखराम गरवाल ने बताया कि मृतक दसवीं का छात्र था। वह पिछले कुछ दिन से स्कूल नहीं आ रहा था। वहीं, छात्रा तुलसी विद्या मंदिर में 10वीं की नियमित छात्रा थी।

### सीएम डॉ. यादव ने कलेक्टरों को बैठक में दिए निर्देश

कानून व्यवस्था पर फोकस करें, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की नियमित गश्त हो

# भले ही एक दो दिन बाद खाद मिले, लेकिन लंबी लाइन न लगे, यह व्यवस्था बनाकर रखें

**अगर कहीं लाइन भी लगती है तो वहां भी किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि जिलों में खाद का संकट नहीं होना चाहिए और खाद के लिए लाइन लगने की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

गुरुवार को देर रात कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों का सामान्य जन-जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण की कार्यवाही की जाए। कानून व्यवस्था की जिले में अच्छी एवं आदर्श स्थिति रहे, यह कलेक्टर एसपी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि कुछ जिलों में खाद की लंबी लाइन लगने की शिकायतें आ रही हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, भले ही एक दो दिन बाद खाद मिले। अगर कहीं लाइन लगती है तो वहां भी किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई मीटिंग में कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों से गीता महोत्सव पर भी बात की।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम ने दिए दिशा-निर्देश

### *मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश*

- *ऐसी व्यवस्था बनाएं। किसी किसान को दिक्कत नहीं आनी चाहिए।*
- *अधिकांश जिलों में ठंड की अधिकता को देखते हुए जनता के लिए व्यवस्थाएं बनाएं।*
- *गांवों से शहरों में या केंद्रों में खाद क्रय करने आए किसान बंधुओं के लिए भी शीतकाल से बचाव के आवश्यक उपाय करें।*

ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की लटकी तलवार

# महाराष्ट्र में कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी झेलनी पड़ सकती है हार

## 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए होगा मतदान, 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन, भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी, पहली बार स्थानीय चुनावों की बड़ी परीक्षा से गुजरने जा रहा है। 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने महाराष्ट्र लोकल बॉडीज में ओबीसी रिजर्वेशन को चुनौती देने वाली रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है। इन सीटों पर हो सकता है कि कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी हारना पड़ सकता है या उन्हें जीत का स्वाद चखने से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि जिन सीटों पर आरक्षण रद्द होगा, वहां जीते उम्मीदवार को विजेता होने के सुख से वंचित होना पड़ सकता है।

### 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि जिन 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदीसे ज्यादा आरक्षण दिया गया है, उनके नतीजे अंतिम फैसले के बाद ही मान्य होंगे। कोर्ट पहले भी चेतावनी दे चुका है कि आरक्षण सीमा टूटने पर चुनाव रद्द भी हो सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने स्वीकार किया है कि सीमा टूट चुकी है। यानी राजनीति के साथ एक कानूनी असमंजस भी चुनाव पर मंडरा रहा है।



### समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए

सुनवाई के दौरान आयोग के वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि राज्य में केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं, जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों से प्रभावित होंगे। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हम जो भी करें, समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए।

### स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके

महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण की वजह से स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए हैं। दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि इसे 'ट्रिपल-टेस्ट' को पूरा करने के बाद ही लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार ने लोकल बॉडी चुनावों में ओबीसी रिज़र्वेशन के मुद्दे की जांच के लिए मार्च 2022 में जयंत कुमार बंठिया कमीशन का गठन किया था। बंठिया आयोग ने जुलाई 2022 में अपनी रिपोर्ट दी थी।

### बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से चुनाव का दिया था निर्देश

मई 2025 में, कोर्ट ने बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से ओबीसी रिज़र्वेशन देकर चार महीने के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों ने इस आदेश का गलत मतलब निकाला है कि रिज़र्वेशन 50फीसदी से ज़्यादा हो सकता है। यह साफ़ करते हुए कि बंठिया से पहले की स्थिति के हिसाब से चुनाव कराने का निर्देश 50 प्रतिशत की लिमिट पार करने की इजाज़त नहीं है।

### महाराष्ट्र में एमवीएम मान रही इससे अपना फायदा

हिंगोली में भाजपा विधायक तानाजी मुतकुले और शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ के बीच खुला टकराव राजनीतिक माहौल और गरमा रहा है। महाविकास आघाड़ी इसे फायदा मान रही है। उनकी उम्मीद है कि गठबंधन की अंदरूनी लड़ाई वोट काटेगी और मुकाबला बहुकोणीय होगा, जिससे एमवीए को फायदा मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार ने '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के पराक्रम पर बनी फिल्म '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री घोषित किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई में 120 सैनिकों के साहस को दर्शाती है। सीएम रेखा ने कहा कि यह मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व को दिखाती है।

### कार पर पलटा डंपर 7 की दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें 7 की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार एक्सप्रेसवे पर पहुंची,तभी देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा डंपर कर पर पलट गया।

### चिराग की तबीयत बिगड़ी, एयरपोर्ट से लौटे



**पटना।** लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान दिल्ली से पटना आने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वापस आवास पर लौट गए। इसके बाद चिराग पासवान ने दिल्ली से ही ऑनलाइन रजत दिवस समारोह को संबोधित किया।

### कांग्रेस के विधायक पर यौन उत्पीड़न का केस



**पलक्कड़।** केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट से विधायक राहुल ममकूटाथिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कांग्रेससे निलंबित हो चुके विधायक के खिलाफ पुलिस ने महिला का यौन उत्पीड़न करने और गर्भपात के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायत सौंपी थी।

### थार ने बाइक वालों को रौंदा, दोनों में फायरिंग



**कोटपूतली।** राजस्थान के कोटपूतली–बहरोड़ जिले में कथित तौर पर दो गैंग के बीच झड़प हुई। एक गैंग ने थार और स्विफ्ट कार में सवार होकर तीन बाइक सवार को कुचलने की कोशिश किए। वहीं, बाइक वाले गैंग ने जवाबी फायरिंग की। फिल्मी अंदाज में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

## कर्नाटक के उडुपी में बोले प्रधानमंत्री मोदी, गीता के ज्ञान को बखाना

# अत्याचारियों का अंत होना भी आवश्यक महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण भी हो

### जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने पीएम का किया अभिनंदन



प्रधानमंत्री मोदी ने कनक मंडप का दौरा करके उन्हें नमन भी किया

उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि

एजेंसी ▶▶ उडुपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकदिनी कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। यहां जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने ऐतिहासिक कनक मंडप का दौरा किया और 14वीं-15वीं शताब्दी के संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि अर्पित की। उडुपी श्री कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के पश्चिम की ओर मुड़ने की पौराणिक घटना का श्रेय कनकदास को दिया जाता है। राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि मंदिर आंदोलन में श्री विश्वेश तीर्थ स्वामीजी के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया।राम मंदिर में उडुपी के श्री माधवाचार्य को समर्पित एक विशेष द्वार है। कनक विंडो के माध्यम से उडुपी मंदिर में श्रीकृष्ण की झलक मुझे संत कवि कनकदास से जोड़ती है।

### संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि

### राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को भूल नहीं सकते



संत- मुनियों से बात करते और उनका आशीर्वाद लेते प्रधानमंत्री मोदी

### ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है

पीएम ने कहा कि हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है। यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, सामाजिक एकता की शक्ति है।

### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे।

### 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित

पीएम मोदी ने कहा कि 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है। राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है। आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है। हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान देते हैं।

### देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है। हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है। हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और रक्षा करना भी जानते हैं।

### श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता में श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक हैं, वे राष्ट्रीय नीति को निर्देशित करती हैं। वे गीता में हमें लोक कल्याण के लिए काम करने को कहते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय' जैसे नारे गीता के श्लोकों से प्रेरित हैं। गरीबों की मदद करने का गीता में दिया गया संदेश प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी नीतियों का आधार भी यही है।

## कर्नाटक में 'कुर्सी' पर आंतरिक कलह

# सिद्धारमैया पर फिलहाल खतरा नहीं, डीके को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीएम सिद्धारमैया

कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी विवाद ने कांग्रेस के आंतिरक कलह को उजागर कर दिया है। 2023 में हुए चुनाव में जीत के बाद से सीएम पद को लेकर जारी विवाद ने तब नया मोड़ ले लिया, जब चर्चा है कि सिद्धारमैया की कुर्सी खतरे में नहीं है। सिद्धारमैया के पास 137 विधायकों में से 100 से ज्यादा का समर्थन है, ऐसे में उनका सीएम पद छोड़ना मुश्किल है। अब सवाल यह है कि क्या सिद्धारमैया सीएम बने रहेंगे या डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया की कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। क्योंकि वे एक बड़े ओबीसी नेता हैं। सिद्धारमैया को अहिंदा समुदाय और पार्टी के ज्यादातर विदायकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। ऐसे में उनकी सहमति के बिना नेतृत्व परिवर्तन मुश्किल है।

### मैं कांग्रेस को मंदिर मानता हूं: डीके



डीके शिवकुमार

अंदरूनी खींचतान के बीच शिवकुमार ने साफ कहा है कि वे जल्द दिल्ली जाएंगे और पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपना मंदिर बताते हुए कहा कि पार्टी का लंबा इतिहास है और दिल्ली हमेशा मार्गदर्शन करती रही है। शिवकुमार ने समुदाय आधारित राजनीति से दूरी दिखाते हुए कहा कि वे सभी तबकों के लिए काम करते हैं। उनका कहना था कि वे किसी पद की मांग नहीं कर रहे, बल्कि पार्टी जो फैसला करेगी, वही मान्य होगा।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी निष्ठा पूरी तरह कांग्रेस के साथ है और वे संगठन की एकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिवकुमार ध्यान देने वाली बात ये है कि उन्होंने कहीं भी ये बात नहीं कही कि सिद्धारमैया पूरे 5साल सीएम रहेंगे। ऐसे में और कयास लग रहे हैं कि पार्टी के भीतर कुछ तो हलचल चल रही है।

### ढाई साल में ही जनता परेशान, दो-फाड़ का अंदेशा



बीवाई विजयेंद्र

भाजपा के कर्नाटक अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस को बहुत उम्मीदों के साथ चुना था। लेकिन ढाई साल में ही जनता परेशान हो चुकी है। विकास रुका हुआ है, युवा निराश हैं और आपसी लड़ाई से प्रशासन लकवाग्रस्त है। किसान मुआवजे और अन्य मुद्दों पर सरकार से बड़े फैसलों की उम्मीद कर रहे हैं। डीकेबहुत आक्रामक रुख में हैं। मुझे बिल्कुल आश्चर्य नहीं होगा अगर कांग्रेस में दो गुट बन जाएं।

3 बड़ी पहलों की शुरुआत

### सिंह ने मौसम संग्रहालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग की 3 बड़ी पहलों का उद्घाटन किया। इनमें रायपुर और मंगलुरु में दो अत्याधुनिक डॉप्लर मौसम रडार मौसम भवन में एक नई सौर ऊर्जा प्रणाली और छात्रों और युवा शिक्षार्थियों के लिए एक मौसम विज्ञान संग्रहालय शामिल हैं।

### सांवलिया सेठ का भंडार सोने चांदी से भरा, 51 करोड़ चढ़ावा

करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी मिला



**मेवाड़।** यहां के सुप्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ के मंदिर में पहली बार चढ़ावा राशि का नया रिकॉर्ड बना। दान पात्र से 40 करोड़ और भेंट कक्ष में 10 करोड़ से ज्यादा का चढ़ावा मिला। करीब 51 करोड़ की चढ़ावा राशि निकली। इसके अलावा करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी प्राप्त हुआ। सांवलिया सेठ के भंडार की गणना 6 चरण में गुरुवार को पूर्ण हुई।

## ओडिशा विधानसभा में राष्ट्रपति ने दिया संबोधन

पहली बार सदन को संबोधित किया

# यहां से नेतृत्व, संवैधानिक जिम्मेदारियों के साथ ही जनसेवा के मूल्यों को सीखा

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा विधानसभा में गुरुवार को एक ऐतिहासिक और अत्यंत भावनात्मक क्षण देखने को मिला जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल की अवधि में पहली बार सदन को संबोधित किया। यह अवसर न केवल औपचारिक महत्व का था, बल्कि राष्ट्रपति के लिए व्यक्तिगत रूप से भी बेहद खास रहा। उन्होंने इस संबोधन को घर वापसी करार दिया और कहा कि इसी सदन ने उनके राजनीतिक जीवन की नींव रखी थी।

### संबोधन को बताया अत्यंत विशेष



संबोधन के दौरान राष्ट्रपति

रायरंगपुर से विधायक के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने व मंत्री रहीं राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा का हर मोड़ इस विधानसभा के अनुभवों से प्रभावित रहा। विधानसभा ने राजनीतिक दृष्टिकोण दिया। नेतृत्व, संवैधानिक जिम्मेदारियों और जनसेवा को सीखा।

### विधायक जिम्मेदारी और मर्यादा बनाए रखें

राष्ट्रपति ने विधायकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाते हुए कहा कि लोग आपको कई सपनों के साथ यहां भेजते हैं। उनका विश्वास बनाए रखना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना आपका दायित्व है। विधायक मर्यादा को न भूलें।

## एसआईआर पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

# पिता का जन्म प्रमाण कहां से लाऊं? सीजेआई बोले- सिब्बल चूक गए!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वोटर लिस्ट को लेकर चल रहे स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर याचिकाकर्ता आरजेडी सांसद मनोज झा ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया व्यवहारिक रूप से अनुचित है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वोटर को अपना बर्थ सर्टिफिकेट या कोई ऐसा दस्तावेज देना होगा, जो साबित करता हो कि उसके माता-पिता में से कोई एक भारतीय हैं। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच पर झा की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अपना पक्ष रखते हुए बीएऐलओ की शक्तियों के दायरे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, क्या बीएलओ यह तय कर सकता है कि कोई वोटर भारतीय नागरिक है या नहीं? सीजेआई कहा कि लेकिन अगर आपके पिता का नाम सूची में नहीं है और आपने भी इस पर काम नहीं किया तो शायद आप चूक गए। कोर्ट अब 2 दिसंबर को इस पर सुनवाई करेगा।



सीजेआई



कपिल सिब्बल

## शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

# उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी विद्यार्थी बनारस में सीखेंगे तमिल

### तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान बच्चों को देंगे शिक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के हिंदी भाषी स्कूली छात्र तमिल भाषा सीखेंगे। दो दिसंबर से तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान स्थानीय स्कूलों के बच्चों को तमिल भाषा में अपनी संस्कृति, खानपान, भारत की दो प्राचीन परंपराओं (काशी-तमिल) से रूबरू करवाएंगे। इसका मकसद, छात्रों में सांस्कृतिक जुड़ाव और सभी भाषाओं का सम्मान समेत तमिल में आम बोलचाल सीखाना है। यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास की पहल है।

2 दिसंबर से काशी-तमिल से होंगे रूबरू



काशी तमिल संगमम में हिस्सा लेने छात्रों का पहला समूह काशी पहुंचा

### प्रयागराज, अयोध्या के करेंगे दर्शन

8 दिनी अनुभवात्मक दौरे के दौरान तमिलनाडु से आने वाला दल वाराणसी के बाद प्रयागराज और अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने भी जाएगा। तमिल धरोहर स्थलों में महाकवि सुब्रमण्यम भरतियार का पैतृक निवास, केदार घाट, लघु तमिलनाडु क्षेत्र में स्थित काशी मदम, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अहम हैं।

### 7 श्रेणियों में 1400 से अधिक प्रतिनिधि

तमिलनाडु से सात श्रेणियों में 1400 सदस्यीय प्रतिनिधि दल आ रहा है। इसमें छात्र शिक्षक, लेखक, कृषि व संबद्ध क्षेत्र, पेशेवर व कारीगर, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान शामिल हैं।

### संबंधों का सम्मान और यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक दिखेगी

प्रधानमंत्री के विजन के तहत केटीएस में दोनों क्षेत्रों के बीच सभ्यतागत, सांस्कृतिक, भाषाई और लोगों के बीच संबंधों का सम्मान और यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है। सीखने के आदान-प्रदान, अकादमिक चर्चा और युवा भागीदारी के माध्यम से जुड़ाव को और बढ़ाना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और बीएचयू वाराणसी मिलकर आयोजन कर रहे हैं।

ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को चुनौती के मसले पर शिक्षकों की ओर से हाईकोर्ट में पेश किया गया आवेदन

## एप से डाटा लीक हुआ, कुछ शिक्षकों के बैंक खाते से रकम भी गायब

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्यता के मामले में सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से शुक्रवार को हाईकोर्ट में संशोधित आवेदन पेश किया गया। आवेदन में आरोप लगाया गया कि हमारे शिक्षक एप का पूरा काम सरकार ने निजी एजेंसी को सौंपा है। इस एप डाउनलोड के बाद डाटा लीक हुआ है और सायबर फॉड हुआ है। कुछ शिक्षकों के बैंक खाते से रकम भी गायब हुई है। दलील दी गई कि लोक शिक्षण संचालनालय ने इस पर संज्ञान लेकर सभी जिलों के डीईओ को पत्र भी भेजा है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने इन सभी आरोपों पर सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई एक दिसंबर को होगी।



पिछली सुनवाई के दौरान सरकार ने जवाब में साफ कहा कि मोबाइल नेटवर्क की कहीं कोई समस्या नहीं है। सरकार का कहना है कि हमारे शिक्षक ई-एप से डाटा चोरी की कोई आशंका नहीं है क्योंकि इस एप का डेटा सेफ्टी सर्टिफिकेट लिया गया है। दरअसल, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ शिक्षकों ने इसमें आने वाली समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से हलफनामा प्रस्तुत कर दलील दी गई कि ई-अटेंडेंस दर्ज कराने में कई बार नेटवर्क सहित अन्य तकनीकी समस्याएं आ रही हैं।

जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े, सतना के सत्येंद्र तिवारी सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ताओं ने डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के कानून के आधार पर कहा शिक्षकों के पर्सनल मोबाइल, उनका निजी एकाउंट जो उनके बैंक एकाउंट के साथ पर्सनल उपयोग में लिया जाता है। वहीं शासन की ओर से तर्क दिया गया कि नेटवर्क की समस्या नहीं है क्योंकि उसी स्कूल में अधिकतर शिक्षक अटेंडेंस लगा रहे हैं।

## दूषित पानी से सिंचाई पर प्रशासन का सख्त रुख, ओरिया-कठौंदा क्षेत्र से 2 मोटर पंप जब्त



**जबलपुर**। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने नाले के दूषित पानी का उपयोग सब्जियों और अन्य फसलों की सिंचाई में करने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई का सातवां दिन लगातार अभियान जारी रखा। आज कटंगी वायपास, ओरिया और कठौंदा क्षेत्र में दबिश देकर दो मोटर पंप जब्त किए गए, जिनसे खेतों में दूषित जल पहुँचाया जा रहा था।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि प्रशासन ने जनता के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सख्त रुख अपनाया है। किसानों को चेतावनी दी गई है कि फिलहाल दूषित जल का उपयोग रोकें, और भविष्य में उल्लंघन करने वालों के उपकरण जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार दूषित पानी में मौजूद हानिकारक रसायन मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। निगमायुक्त ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि ऐसे मामलों की तत्काल सूचना प्रशासन को दें, ताकि ज़हरीली सब्जियों के सेवन से नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके।

## सीजन में दूसरी बार दहाई के नीचे आया पारा

*सुबह और रात में पड़ रही कड़ाके की ठंड*

जबलपुर। आसमान पर छाई बादलों की परत नि अभी ठंड का रास्ता रोक रखा था. आसमान से बादलों के छटते ही पारे में गिरावट का दौर शुरु हो गया. दिन और रात के तापमान में आंशिक गिरावट आई है. मौसम विभाग का कहना है की अभी तापमान नीचे आएगा लेकिन एक दो दिन में फिर पश्चिमी विक्षोप आने से तापमान में उछाल आएगी. अक्टूबर नवम्बर का महीना बीतता जा रहा है, लेकिन ठंड अभी शबाव पर नहीं आ पाई है. सीजन में दूसरी बार पारा शुक्रवार को दहाई से नीचे उतरा, यद्यपि सुबह और रात में ठंड के तेवर तीखे रहते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक एक सप्ताह के अंदर मौसम के मिजाज बदलेंगे और ठंड अपना प्रभाव जमा लेगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.0 8डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम जबकि न्यूनतम तापमान 09.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 65 प्रतिशत और सायंकाल 59 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6:34 पर और सूर्यास्त सायं 5:24 मिनिट पर हुआ।



## क्वालिटी से नहीं होगा कम्प्रोमाइज : निगमायुक्त

**जबलपुर**। शहर की वायु गुणवत्ता, उद्यानों के विकास, तालाबों के सौंदर्यीकरण और सिटी ब्यूटीफिकेशन कार्यों की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी विभागीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की वायु गुणवत्ता श्रेष्ठ बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए विभाग आपसी समन्वय से प्रभावी कदम उठाएँ। निगमायुक्त ने निर्माण स्थलों और मुख्य सड़कों पर धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव, अवैध कब्जों को हटाने, उद्यानों के रखरखाव को बेहतर बनाने और तालाबों की सफाई व सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी कार्य में देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त और सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अभियान चलाकर 74 चालान कटे, जुर्माने के रूप में वसूले गए 23 हजार 8 सौ रूपये

## सड़कों पर गंदगी फैलाना अब पड़ेगा महंगा : निगमायुक्त

**जबलपुर**। शहर की सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अब अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर की सड़कों पर गंदगी फैलाने और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। इसी के तहत आज से प्रारंभ हुई कार्रवाई में शहर के विभिन्न हिस्सों में जांच दलों के द्वारा चालानी कार्रवाई कर जुर्माना अधिरोपित किया गया है। निगमायुक्त ने कहा कि सड़कों पर गंदगी फैलाना नागरिकों, व्यापारियों को अब महंगा पड़ेगा। निगम के स्वास्थ्य अमले ने संभाग क्रमांक 1, 2, 3, 4, 6, 8, 9, 10, 11, 12, और 16 में विशेष अभियान चलाकर 74 चालान काटे और मौके पर ही 23 हजार 8 सौ की वसूली की। संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत शताब्दीपुरम, उखरी आदि प्लाजा, मेहता पेट्रोल पंप, लेबर चौक, कछपुरा रेलवे लाइन, गुलौआ चौक के पास स्थित दुकानदारों की जांच की गई एवं निर्मानाधीन भवनों की जांच की गई जिसमें सड़क पर मलवा रेत, डस्ट तथा भवन को ग्रीन नेट से न ढंकने पर चालान की कार्रवाई की गई, साथ ही खाद्य प्रतिष्ठानों की



जांच कर, लाइसेंस, दुकान पर डस्टबिन एवं गंदगी पाए जाने पर चालान जुर्माना की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए निगम द्वारा लगातार अपील की जा रही है कि सभी भवन निर्माण सामग्री (जैसे रेत, डस्ट, और मलबा) को सड़क पर खुला न रखा जाए और निर्माणाधीन भवनों को अनिवार्य रूप से ग्रीन नेट से ढंका जाए। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ निगम ने नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की भी सघन जांच की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों के भोजनालयों, होटलों और खान-पान की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्रीमती हर्षा पटेल, सचिन जैन, वैभव तिवारी, आनंदराव, स्वास्थ्य निरीक्षक अक्षय कोरी, राम कोरी, संभाग सुपरवाइजर व्यंकटेश, संतोष सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी आदि उपस्थित रहे।



## ननि के अतिक्रमण हटाओ अभियान में आई तेज़ी

**जबलपुर**। नगर निगम ने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान की गति बढ़ा दी है। अभियान के तहत रानीताल, यादव कॉलोनी, गोलबाजार, सिविक सेंटर, मालवीय चौक, बड़ा फुहारा और छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट तक अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी की गई। अपर आयुक्त अरविंद शाह एवं अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि कार्रवाई शहरहित और नागरिकों के सुगम यातायात के लिए की जा रही है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक और चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारी और दलप्रभारी मौके पर मौजूद रहे।

पतंग निकालने के दौरान घटी दुर्घटना

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया बालक झुलसा

**जबलपुर**। केन्ट थाना अंतर्गत कटंगा पावर हाउस के समीप शुक्रवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पतंग उड़ा रहा एक 12 वर्षीय नाबालिग हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। बालक को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यह गनीमत रही की बालक तार में चिपका अन्यथा बसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगा पावर हाउस के पास रहने वाला 12 वर्षीय अरमान रजक शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे छत पर पतंग उड़ाने गया था। इसी दौरान उसकी पतंग हाईटेंशन बिजली लाइनों में उलझ गई। पतंग को निकालने के प्रयास में अरमान असंतुलित होकर करंट प्रवाहित हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज झटका लगा और वह कई फीट दूर जा गिरा। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों की मदद से परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल



लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि रिहायशी इलाकों के पास गुजर रही हाईटेंशन लाइनों के सुरक्षा इंतजाम मजबूत किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### *बिना सुरक्षा उपकरण के काम कराते समय हुई दुर्घटना में मजदूर की मौत, ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज*

**जबलपुर**। थाना बरेला अंतर्गत चौकी गौर क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में कार्यरत एक मजदूर की सुरक्षा उपकरणों के अभाव में हुई दुर्घटना के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ठेकेदार के विरुद्ध लापरवाही का प्रकरण दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को जबलपुर अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि विजय मरावी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम कोडिया, शहपुरा, जिला डिण्डोरी, की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। उसे 3 अक्टूबर 2025 को गौर क्षेत्र स्थित एकता मार्केट के पास सत्य प्रकाश टावर में काम करते समय गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान परिजनों और प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों ने बताया कि घटना के दिन विजय मरावी एवं वीरेंद्र कुलस्ते 6वीं मंजिल पर ट्रॉली में ईंटें लोड कर रहे थे।

*बाजार क्षेत्रों का किया निरीक्षण, दी हिदायत*

## अतिक्रमण हटवाने मैदान में उतरे कलेक्टर-एसपी

**जबलपुर**। पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में यातायात और कानून व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को दिये गये। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश के पालन में कलेक्टर जबलपुर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय खुद मैदान में उतरे और बड़ा फुहारा से कमानिया तक निरीक्षण किया। उसके बाद नगर निगम की टीम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये साथ ही व्यापारियों को दुकानें बाहर नहीं



लगाने की समझाईश दी और यह भी हिदायत दी की दुकानों के सामने ठेले टपरे न लगने दे, दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिये स्थान सुरक्षित रखें। कलेक्टर एसपी शाम ढलने के बाद शहर के बाजार क्षेत्रों में भ्रमण पर निकले सड़कों के किनारे लगे अतिक्रमणों को हटवाया गया। व्यापारियों से कहा गया वे सड़कों पर अतिक्रमण न करें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी द्वय ने मौके पर ही मौजूद नगर निगम के अमले से अस्थायी अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करवाई और आम रोड पर फैली दुकानों को अंदर कराया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया, कोतवाली एवं लार्डगंज पुलिस थाने का बल मौजूद रहा।

डुमना एयरपोर्ट पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

## मास्टर प्लान में दिखेगी जबलपुर के विकास की उड़ान

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार सुबह ट्रांजिट विजिट पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि संस्कारधानी जबलपुर को महानगरों की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी मास्टर प्लान को "विकसित जबलपुर" की परिकल्पना के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि आने वाले वर्षों में शहर की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सके।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि किसी भी शहर का समग्र विकास उसके मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सड़कों, सीवरेज, जलापूर्ति,



सार्वजनिक परिवहन और आवासीय सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने शहर के पर्यावरणीय संतुलन और सौंदर्यीकरण को भी प्राथमिकता देने की बात कही। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जबलपुर के उद्यानों को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल मिल सकें। साथ ही उन्होंने मां नर्मदा के संरक्षण, स्वच्छता और नदी के किनारे विकास कार्यों को गति देने पर भी जोर दिया। मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ पानी, स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और कचरा प्रबंधन को मजबूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

### पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शहर की वर्तमान स्थिति और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय नेताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों पर सतत नजर रखें और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ शासन तक पहुंचाएं।

गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सबसे पहले पूरा

## बीएलओ सुपरवाइजर स्नेहलता पटेल को मिला हवाई सफर का पुरस्कार

**जबलपुर**। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत अपने अधीन सभी बूथों के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर जबलपुर जिले की पहली बीएलओ सुपरवाइजर बनी स्नेहलता पटेल को पुरस्कार स्वरूप जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कान्हा और बांधवगढ़ की हवाई यात्रा कराई गई। एसआईआर में घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन और गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे बीएलओ और उनके सहयोगियों को प्रोत्साहित करने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अनूठी पुरस्कार योजनायें शुरू की गई हैं। बीएलओ सुपरवाइजर स्नेहलता पटेल को पीएम श्री पर्यटन हेली सेवा से जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ की कराई गई हवाई यात्रा (जॉय राइड) इन्हीं पुरस्कारों का हिस्सा है।

पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा से कान्हा और बांधवगढ़ की जॉय राइड के मिले पुरस्कार पर स्नेहलता पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह सम्मान प्रदान करने के लिये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह का आभार भी जताया और सभी बीएलओ को अपना कार्य पूरी निष्ठा और लगन से करने का सन्देश दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना पनागर में सुपरवाइजर स्नेहलता पटेल को एसआईआर के अंतर्गत पनागर विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 52 से 61 तक के कुल दस बूथ के मतदाताओं के सत्यापन, गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाइजेशन के लिये नियुक्त बीएलओ के कार्य के सुपरविजन और सहयोग का दायित्व सौंपा गया था। बीएलओ सुपरवाइजर स्नेहलता पटेल के अधीन दस मतदान केंद्रों के सभी 7 हजार 706 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन मंगलवार को पूरा हो गया था।

## हाईकोर्ट ने कहा - नहीं दे सकते गर्भपात की अनुमति

# गर्भावधि 32 सप्ताह से अधिक होने पर बच्चे के जीवित होने की संभावना



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग उम्र 16 साल से कम है और गर्भावधि 32 सप्ताह से अधिक है। मेडिकल बोर्ड ने बच्चे के जीवित होने की संभावना व्यक्त करते हुए डिलेवरी कराने का अभिमत व्यक्त किया है। पीड़िता के बयान रिकार्ड में नहीं है और गर्भपात से उसकी जान को खतरा है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि इस स्थिति में गर्भपात की अनुमति प्रदान नहीं कर सकते है।

दरअसल, जिला न्यायालय के द्वारा दुष्कर्म पीड़िता किशोरी के गर्भपात की अनुमति के लिए हाई कोर्ट को पत्र लिखा गया था। पत्र की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए हाई कोर्ट ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए थे। मेडिकल बोर्ड की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया था कि किशोरी की उम्र 15 साल पांच माह है और गर्भावधि 32 सप्ताह से अधिक है। गर्भ में जीवित बच्चे होने के संकेत है। हाई रिस्क में गर्भपात किया जा सकता है और बच्चे के जीवित होने पर वह आपरिपक्व होगा। आपरिपक्व होने के कारण वह मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग सकता है। इसलिए मां व बच्चे की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए डिलेवरी कराया जाना उचित होगा।

हाई कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि 24 सप्ताह से ज़्यादा के प्रेग्नेंसी को खत्म करने पर विचार किया जा सकता है। जिसमें प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए महिला की पसंद और महिला की फिजिकल हेल्थ कंडीशन सहित दूसरे सोशल-इकोनामिक फैक्टर देखना आवश्यक है। रिकार्ड में पीड़ति के कोई बयान नहीं है और उसकी जान के संभावित खतरे को देखते हुए मां ने गर्भपात से इंकार कर दिया है। मेडिकल रिपोर्ट, डाक्टरों की राय, पीड़ति की मां के बयान के साथ-साथ पीड़ति की उम्र, भ्रण और उनकी हेल्थ कंडीशन को देखते हुए प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत नहीं दे सकते है। बच्चे के जन्म के बाद वह ब्रेस्टफीडिंग के लिए मां के कस्टडी में रहेगा। इसके बाद संबंधित अधिकारी उसकी कस्टडी लेकर हर सावधानी बरते हुए परवरिश करेंगे। कानून के मुताबिक बच्चे को इच्छुक परिवार को गोद देने के लिए स्वतंत्र होगा।

### दवा लाइसेंस को रद्द करने के आदेश को दी गई थी चुनौती

## कोल्ड्रिफ कफ सिरप के वितरक राजपाल कटारिया की अपील खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप के एक वितरक द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसकी दुकान को सील करने और उसके दवा लाइसेंस को रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि छिंदवाड़ा के जहरीले कफ सीरप से 30 बच्चों की जान जाने का मामला चौंकाने वाला था। ऐसे में इसमें शामिल व्यक्ति के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती।

जबलपुर निवासी राजपाल कटारिया ने यह अपील पेश की थी। दरअसल, हाईकोर्ट ने 31 अक्टूबर 2025 को कटारिया की याचिका खारिज कर दी थी, जिसे अपील के जरिए चुनौती दी गई। प्रशासन ने 31 मार्च 2025 को अपीलार्थी की दुकान को सील कर दिया था और उसका दवा लाइसेंस को रद्द कर दिया था। अधिकारियों द्वारा छापेमारी के बाद अपीलकर्ता के परिसर को सील कर दिया गया था, जहाँ उक्त दवा का भंडार पाया गया था। तत्पश्चात, अपीलार्थी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कोर्ट ने कहा कि अपीलार्थी के पास राज्य सरकार के समक्ष अपील दायर करने का विकल्प मौजूद है।



## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव 30 से

**जबलपुर।** श्री 1008 श्री मज्जिनेंद्र चौबीसी जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव की व्यवस्था एवं संपूर्ण जानकारी देने के निमित्त बुलाई गई पत्रवार्ता का प्रारंभ करते हुए, पंचकल्याणक के प्रचारमंत्री संजय चौधरी एवं सुबोध कामरेड ने जजानकारी देते हुए बताया कि आगामी रविवार 30 नवंबर से रविवार 7 दिसंबर तक, वद्दा दद्दा ग्राउंड पिसनहारी तीर्थ के सामने, पाषाण से तीर्थंकर बनने की अनूठी प्रक्रिया अंतर्गत पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज ससंघ की पावन उपस्थित में आयोजित किया जा रहा है। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा आयोजन के अध्यक्ष अरविंद भाईजी एवं कार्याध्यक्ष दिनेश चौधरी ने जानकारी दी कि रविवार 30 नवंबर से ध्वजारोहण, घटयात्रा शोभायात्रा एवं आचार्य श्री के प्रवचन से प्रारंभ इस अनूठे कार्यक्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धार्मिक स्त्री-पुरुषों के भाग लेने की संभावना है, इसमें पांच दिवसीय सुबह धार्मिक कार्यक्रम, अभिषेक शांतिधारा, पूजन, शास्त्र प्रवचन, सौ धर्म इंद्र की महासभा, गर्भ कल्याणक, माता की गोद भराई, प्रभु का अवतार, जन्म कल्याणक, तप कल्याणक, ज्ञान कल्याणक, प्रभु का मोक्ष गमन याने मोक्ष कल्याणक, भगवान का निर्वाण उत्सव विश्व शांति महायज्ञ की पूर्णाहुति, हवन विसर्जन क्रियाएं होंगी। पत्रकार वार्ता में जैन समाज से पिसनहारी तीर्थ के अध्यक्ष राजेंद्र मम्मा, नवयुवक सभा अध्यक्ष, गौरव जैन, मंजेश जैन, बजाजी मंदिर के दीना जैन लोहा, शिवनगर से सुनील मंगलाहट, पिसनहारी तीर्थ के राजू साइकिल, एड. संदेश जैन सहित गणमान्य समाज सेवी उपस्थित थे।

## रुपेश सिंह संतोष ट्रॉफी के लिए मप्र फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त



**जबलपुर।** 79वीं सीनियर नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप (संतोष ट्रॉफी) के लिए मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में पमरे में कार्यरत पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और बी-लाइसेंस कोच रुपेश सिंह को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्य फुटबॉल संघ के सचिव अमित रंजन देब द्वारा की गई। संतोष ट्रॉफी के लिए एमपी टीम को उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के साथ ग्रुप में रखा गया है, जिसके मुकाबले नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 22 दिसंबर से होंगे। चयन ट्रायल्स के बाद 35 खिलाड़ियों का कैम्प सिवनी में शुरू हो चुका है। रुपेश सिंह पूर्व में भारतीय रेलवे टीम और विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयनकर्ता रह चुके हैं। वे जबलपुर के पहले बी-लाइसेंस फुटबॉल कोच हैं और वर्ष 2000 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पमरे प्रबंधन, खेलकूद संघ के पदाधिकारियों, खेल जगत के वरिष्ठों और परिजनों ने बधाई दी।

### माउंट लिट्राजी स्कूल का स्थापना दिवस आज

**जबलपुर।** माउंट लिट्राजी स्कूल की प्राचार्य परमिता कर्माकर ने बताया कि स्कूल का 10वां स्थापना दिवस वार्षिक खेल दिवस के रूप में 29 नवम्बर को पं. रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यालय के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

## *मां की स्मृति में रोपे 21 पौधे कल लगेगा स्वास्थ्य शिविर*



**जबलपुर।** स्व. श्रीमती लक्ष्मी डे की द्वितीय पुण्यतिथि पर कैलाश धाम मंदिर के नीचे लक्ष्मी फार्म स्टे एण्ड रेस्टारेन्ट वर्धाघाट खमरिया शहर से 11 किलो मीटर दूर उनके परिजनों ने पौधारोपण किया। इस मौके पर 21 पौधे रोपने के बाद उनके बड़े होने तक उनकी देखरेख करने का संकल्प भी लिया। उनके पुत्र पंकज डे और पुत्री रत्ना बोस, रीता घोस, दामाद सुजीत घोस ने बताया कि दिवंगत आत्मा के लिये इस तरह पौधों का रोपण करना अत्यंत पुण्यकारी कार्य है। यह आने वाली पीढ़ी के लिये किसी धरोहर से कम नहीं माना जा सकता है। इस अवसर पर दिवाकर मित्रा, सुमित घोस, प्रतीस बोस, रिनी बोस, पिंकी डे, रिचा डे (चीनी) कैलाश कोल, बबलू ठाकुर एवं अन्य शुभचिंतक शामिल थे। मां की स्मृति में विशाल स्वास्थ्य शिविर 30 नंबवर को 10.30 से दोपहर 2 बजे तक लक्ष्मी फार्म स्टे एंड रेस्टोरेंट कैलाशधाम मंदिर के नीचे वर्धाघाट में आयोजित है।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने संभागायुक्त को सौंपा 15 सूत्रीय ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन संभागायुक्त जबलपुर को सौंपा। ज्ञापन में रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, भृत्य का पदनाम परिवर्तन, कार्यभारित व अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित करने, सातवें वेतनमान का लाभ 01.01.2016 से देने, ग्रेड पे 1300 से बढ़ाकर 1800 करने, आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने, तथा 01.01.2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजय दुबे, विपिन पीपरे, सहदेव रजक, वैद्यनाथन अय्यर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आयंश सिंह ने नेशनल यूथ पार्लियामेंट में दिलाया गौरव

**जबलपुर।** सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, शांति नगर के कक्षा 12 के छात्र आयंश सिंह ने तर्कक्षेत्र – नेशनल यूथ पार्लियामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्पेशल मेंशन प्राप्त किया है। आयंश ने अपनी मजबूत तर्कशक्ति और प्रभावी वाक्-कौशल के दम पर ओवरऑल डिबेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। देशभर के प्रतिभागियों के बीच आयंश के प्रदर्शन को निर्णायकों ने विशेष सराहना दी। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें माननीय विधायक अभिलाष पांडे द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने इसे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया और आयंश के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## नियम विरुद्ध शराब दुकान खोलने का किया विरोध

**जबलपुर।** सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी धार्मिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराब दुकान नही खुल सकता, उसके बावजूद स्थानीय स्तर पर नेताओं के दवाब में आबकारी विभाग मंदिर और शिक्षण संस्थाओं के समीप नई शराब दुकान को लाइसेन्स जारी कर रहा है। गोरखपुर मेन रोड स्थित शराब दुकान को जबरन गोरखपुर सब्जी मंडी के पास खोला जाना जनभावनाओं के विरुद्ध है, जबकि प्रस्तावित शराब दुकान के समीप एक तरफ शासकीय विद्यालय के अलावा दूसरे शिक्षण संस्थान है जबकि दूसरी तरफ अनगढ़ महावीर मंदिर है। शिक्षण संस्थाओं के कारण दिन भर छात्र-छात्राओं का जमावड़ा रहता है। उक्त शराब दुकान के विरुद्ध पूर्व में भी विरोध किया गया था, जिसपर तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा रोक लगाई गई थी। शुक्रवार को पूर्व मंत्री तरुण भनोत एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव गौरव भनोत के मार्गदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद प्रीति अमर रजक, रितेश बंटी गुप्ता, सचिन खरे, मिंटू मिश्रा, प्रमोद पटेल, मिथुन शिवहरे ,प्रवेंद्र सिंह चौहान,रितेश नोतनानी, दीपक साहू, अभिषेक पाठक, मोनू राय, अक्षय विनोदिया, पवन मेहरा, आदित्य खुरासिया, अभिषेक तिवारी,संकेत राठौर व धार्मिक स्थलों के प्रबंध समिति के सदस्य व्यापारीगण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।



### कथित दुष्प्रचार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

## खानकाह-ए-सुब्हानिया में खानकाहों व उलेमा-ए-किराम की हुई बैठक



**जबलपुर।** हाजी सुब्हानल्लाह शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहे की दरगाह परिसर में शहर की विभिन्न खानकाहों के सज्जादानशीन, उलेमा-ए-किराम और समाजसेवियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खानकाहों और सूफी बुजुर्गों के खिलाफ फैलाए जा रहे कथित दुष्प्रचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित जिम्मेदारों ने आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सूफी परंपरा और खानकाहों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। प्रतिभागियों ने कहा कि 1999 में इंतकाल कर चुके सूफी बुज़ुर्ग हज़रत मोहम्मद हसन साधू बाबा की निजी जिंदगी से संबंधित मनगढ़ंत बातें फैलाकर समाज को भ्रमित किया जा रहा है। बैठक में चंगेज़ खान अशरफी, कादिर अली कादरी, हाजी इसरार खान, महमूद अहमद, इकरार हुसैन रशीदी, बाबा मकसूद अहमद, मौलाना जुनून नक्शबंदी सहित अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक की निजामत मुख्तार नादिर साहब ने की।

## बड़ा पत्थर रांझी में लगा स्वास्थ्य शिविर



**जबलपुर।** हम हैं न फाउंडेशन, समर्पित सेवा समिति और पटेल चेस्ट सेंटर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा पत्थर रांझी के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सरस्वती स्कूल के समीप रांझी में आयोजित किया गया। शिविर में एचबीएवनसी, पीएफ टी, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, आरबीएस सहित कई जांचें निःशुल्क की गई। इस मौके पर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी बांटी गई। फाउंडेशन, समर्पित सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, नीरू पंड्या, रंजीता सोनी, विशाखा कुशवाहा, मीरा पटेल, वर्षा पाल, कलावती रैकवार, नर्सिंग ऑफि सर नेहा बर्मन, गिलौरिया सागर, सुपरवाइजर धीरज दुबे, गौरव गढ़वाल, नवीन पंड्या, इंदु विश्वकर्मा, कंचन सोनी, सोनाली ठाकुर, प्रियांक ठाकुर, सजल ठाकुर, नरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।




**श्री जीएन तिवारी-** मॉडल टाउन बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री जीएन तिवारी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खेम कुमार ओबेराय-** नेपियर टाउन निवासी श्री खेम कुमार ओबेराय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गेंदा लाल विश्वकर्मा-** विजयनगर छापर रामपुर निवासी श्री गेंदा लाल विश्वकर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र सिंह-** मोहित स्काईलैंड तिलहरी निवासी श्री वीरेंद्र सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण ग्रोवर-** रतन कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री अरूण ग्रोवर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी-** पुरानी बस्ती मड़ई वाला बगीचा गौरीघाट श्रीराम लला मंदिर के पास निवासी श्री तेजी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शारदा चौधरी-** नटबाबा पहाड़ी सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जोधा प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा चौधरी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ईश्वरी देवी तलरेजा-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री लक्ष्मण दास तलरेजा की धर्मपत्नी श्रीमती ईश्वरी देवी तलरेजा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू साकेत-** अम्बेडकर नगर लोहिया वार्ड निवासी श्री राजू साकेत (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा कुमारी पाठक-** गौतम नगर महाराजपुर निवासी श्री राम पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा कुमारी पाठक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्यारे लाल चक्रवर्ती-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री प्यारे लाल चक्रवर्ती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद शंकर नायडू-** शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री विनोद शंकर नायडू (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक रजक-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के सामने निवासी श्री दीपक रजक (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील शर्मा-** मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री सुरेश शर्मा के पुत्र श्री सुनील शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनुती यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री शेखर यादव की धर्मपत्नी श्रीमती अनुती यादव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला बाई खांडेकर-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री इंदल खांडेकर की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बाई खांडेकर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश पाल-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री सुरेश पाल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**शतायु श्रीमती रामकली बाई बैरागी-** महाराजपुर ट्रांसपोर्ट नगर वन नाका के पास निवासी श्री चरनदास बैरागी की धर्मपत्नी शतायु श्रीमती रामकली बाई बैरागी (115) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खेमचंद कोरी-** हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री खेमचंद कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

### बर्खास्त करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा

## ब्राह्मण समाज सिहोरा ने फूंका आईएएस संतोष वर्मा का पुतला





**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा ने वरिष्ठ आई ए एस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मणों को लेकर दिए गये बयान से भारी आक्रोश व्याप्त है। आपत्तिजनक बयान को लेकर नाराज विप्रो ने शुक्रवार को पुराने बस स्टेंड में रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की एंव पुतला दहन किया गया तथा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि देश की एकता अखंडता एवं स्वाभिमान के लिए ब्राह्मण समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं भाई धारे के लिए समाज ने लगातार संघर्ष किया है। बौद्धिक विकास, प्रगतिशील चिंतन एवं सभी क्षेत्रों में सभी को साथ लेकर प्रगति के नए आयाम गढ़ने की अपनी क्षमता तथा दक्षता का परिचय देकर भारतीय समाज का मार्गदर्शन किया है। ब्राम्हण समाज के प्रति एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अत्यन्त निम्न स्तरीय समझ चिंतनीय एवं निंदनीय है। अतः आईएएस संतोष वर्मा को शीघ्र बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये। बस स्टेंड में पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए सैकड़ों ब्राह्मणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर संतोष वर्मा के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते सरकार व प्रशासन ने उचित कदम नहीं उठाए तो ब्राह्मण समाज आंदोलन को और तेज करेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सिहोरा के संरक्षक प्रकाश पांडे, अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परौहा, प्रवीण कुररिया, नरेन्द्र त्रिपाठी, अशोक उपाध्याय, गोपाल पाठक, राजेन्द्र गर्ग, प्रवीण गौतम, शिशिर पांडे, आलोक पांडे, सतेन्द्र तिवारी, सुनील तिवारी, प्रशांत बाजपेयी, अनिल कुररिया, राजकिशोर तिवारी,नपा उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, पार्षद राजेश चौबे, दिनेश गौतम, पत्रकार शैलेन्द्र दुबे सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे।

## अभद्र टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**मझौली।** ब्राह्मण कन्याओं के प्रति कथित अभद्र टिप्पणी करने वाले आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विरोध में मझौली का ब्राह्मण समाज आक्रोशित हो उठा है। रविवार को विप्रकुल परिषद मझौली के सदस्यों ने विरोध दर्ज करते हुए थाना प्रभारी मझौली को पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों ने ज्ञापन में आरोपित अधिकारी के विरुद्ध शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान प्रभुदत्त दुबे, सिद्धार्थ उपाध्याय, आशीष तिवारी, ऋषि प्यासी, प्रमोद परोहा, अरुण उपाध्याय, हिमांशु चौबे, महेंद्र तिवारी, रोहित शुक्ला, अखिलेश गर्ग, श्रेयांश, मनोज परोहा, अक्षय उपाध्याय, हर्ष तिवारी, यजुर, श्रीकांत तिवारी, अनमोल तिवारी सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### हिमालया ने 'लव्ड बाई बेबीज' अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** हिमालया बेबीकेयर ने 'लव्ड बाई बेबीज' ब्रांड के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति का जश्न मनाते एक नए दिल को छूने वाले कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें शिशुओं को कहानी के केंद्र में रखा गया है। प्रिस्क्राइब्ड बाई डाक्टर्स, ट्रस्टेड बाई मॉम्स और लव्ड बाई बेबीज शीर्षक वाला यह कैंपेन ब्रांड की उस अनूठी ताकत को उजागर करता है जो इसे शिशुओं द्वारा प्रिय, माताओं द्वारा भरोसेमंद और डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित बनाती है।

### नीवा बूपा ने की इंश्योरेंस अकादमी की शुरुआत

**नई दिल्ली।** निवा बूपा हेल्थ इनश्योरेंस ने पूरे भारत में अपने एडवाइजर्स को सशक्त बनाने और उनके कौशल बढ़ाने के लिए इंश्योरेंस अकादमी की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक अनोखी लर्निंग और डेवलपमेंट पहल है, जो 10 लाख से अधिक एडवाइजर्स को उन्नत ज्ञान, ग्राहक से जुड़ने की कला और डिजिटल क्षमताओं में प्रशिक्षण देगी। इंश्योरेंस अकादमी एक ऐसा वन-स्टॉप हब है।

### वजीर एक्स ने लांच किया 'वजीर एक्स जीरो'

**नई दिल्ली।** वजीरएक्स ने वजीरएक्स जीरो लांच किया, यह एक ऐसा ट्रेडिंग मॉडल है जहां यूजर्स को अब हर ऑर्डर पर फ़ीस नहीं देनी पड़ेगी। अब यूजर्स सिर्फ 99 प्रति महीने देकर 300 सेज्याद टोकन में बिना किसी ट्रेडिंग फीस के अनलिमिटेड ट्रेड कर सकते हैं। जो यूजर 10,000 को एक महीने में 10 बार खरीदता और बेचता है।

# डेटा सेंटर उद्योग में एयरटेल, रिलायंस, अडाणी और टाटा का 50 अरब डॉलर का होगा निवेश

**इससे वर्तमान में एक गीगावाट की क्षमता पहुंचेगी जाएंगी 9 गीगावाट तक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डेटा सेंटर उद्योग में घरेलू कॉरपोरेट जगत पूरी तरह से उतरने की तैयारी में है। टाटा और रिलायंस से लेकर अडाणी और एयरटेल तक इस क्षेत्र में पांच से सात वर्षों में 50 अरब डॉलर का भारी निवेश करने की योजना बना रहे हैं। इससे वर्तमान एक गीगावाट की क्षमता इस दौरान बढ़कर 9 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। ये सभी कॉरपोरेट देश के डेटा सेंटर बूम पर दोगुना जोर दे रहे हैं। इससे अगले दशक में एआई और क्लाउड विकास को तेज रफ्तार मिलेगी। इस क्षेत्र में नई उतरने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) है। इसने निजी इक्विटी फर्म टीपीजी के साथ अरबों डॉलर का संयुक्त उद्यम किया है। यह एक 1.2 गीगावाट प्लेटफॉर्म है जिसकी क्षमता देश के सभी मौजूदा डेटा सेंटरों की संयुक्त क्षमता के बराबर है।






फाइल फोटो

### 3 कंपनियों का 40 फीसदी हिस्सा

जेफरीज ने कहा कि एयरटेल, रिलायंस और अडाणी कॉनेक्स मिलकर 2030 तक डेटा सेंटर क्षमता का 35 से 40 फीसदी हिस्सा हासिल करेंगी। क्रिसिल को उम्मीद है कि कंपनियां 2026-27 से 2027-28 के दौरान 55 हजार -60 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। इससे क्षमता 2.3-2.5 गीगावॉट हो जाएगी।

### दुनिया के प्रतिस्पर्धी बाजारों में भारत

डेटा की बढ़ती मांग के कारण भारत तेजी से सबसे प्रतिस्पर्धी डेटा सेंटर बाजारों में से एक है। दुनिया का 20 फीसदी डेटा भारत उत्पन्न करता है, लेकिन घरेलू स्तर पर केवल 3 फीसदी ही संग्रहीत करता है। सबसे अधिक वायरलेस इंटरनेट खपत वाले देशों में से एक होने के कारण भारत डेटा निर्माण का बड़ा इंजन बन गया है।

### विदेशी कंपनियों के साथ तेजी से साझेदारी

- रिलायंस 98 हजार करोड़ रुपए
- अडाणी 1.33 लाख रुपए
- टीसीएस 18 हजार करोड़ रुपए
- एयरटेल 6 हजार करोड़ रुपए

# एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी में आईपीजीए का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**2 हजार से भी ज्यादा शोधार्थियों ने की सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी इंदौर में इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन आईपीजीए के द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगूभाई पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कुलाधिपति डॉ. श्रुति कपूर, कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक, उपकुलपति डॉ. राजीव विश्वकर्मा, आईपीजीए के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. करुणाकर शुक्ला, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जाटव, कोषाध्यक्ष डॉ. देवती गुप्ता सचिव डॉ. सौरभ जैन, कालेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अमित मोदी सहित सभी डीन उपस्थित थे। दो हजार से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों की सहभागिता वाले इस सम्मेलन में छात्रों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन अपने शोध प्रस्तुत किए। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय फार्मा और जैव विज्ञान में एआई संचालित नवाचार सिकल सेल एनीमिया और अन्य रोगों की दवा विकास में एक नया क्षितिज था। सम्मेलन में उच्च स्तरीय तकनीकी सत्र, विषय विशेषज्ञ व्याख्यान चुनौतियों शोध के आधुनिक आयामों और अमादमिक इंडस्ट्री सहयोग पर विशेष जोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रोफेसर लांग चिआउ मिंग, डिप्टी डीन मलेशिया में कोरोना रेमेडीज के डॉ. विजय चास्लु, देवी अहिल्या विवि के डॉ. राकेश सिंघई, टंट्या भील विवि के कुलगुरू डॉ.मोहनलाल कोरी की उपस्थित विशेष थी।



सम्मेलन का शुभारंभ

### क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल, 50 फीसदी की छूट

**मुंबई ।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने अपने सालाना ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है। इसमें सभी कैटेगरी पर 50 फीसदी तक की भारी छूट दी जा रही है। क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल 22 नवंबर शुरू हो चुकी है जो 30 नवंबर 2025 तक चलेगी। क्रोमा में नए साल से पहले स्मार्ट खरीदारी करने और बड़ी बचत करने का बेहतरीन मौका मिल रहा है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, वॉशिंग मशीन, ऑडियो गियर और घरेलू उपकरणों पर आकर्षक डील मिल रही हैं।

### क्लियर सिक्योर्ड का आईपीओ 1 को खुलेगा

**मुंबई।** क्लियर सिक्योर्ड सर्विसेज लिमिटेड ने अपना आईपीओ सोमवार, 1 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 85.60 करोड़ जुटाने का है। कंपनी का यह निर्गम 64,85,000 इक्विटी शेयरों का है, प्रत्येक का फेस वैल्यू 10, जबकि प्राइस बैंड 125 से 132 प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर पोर्शन 28 नवम्बर 2025 को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 1 दिसम्बर 2025 से खुलेगा और 3 दिसम्बर 2025 को बंद होगा।

### नर्मदा एग्रोबेस ने प्राप्त किया 2,370 लाख का राजस्व

**गुजरात।** नर्मदा एग्रोबेस लिमिटेड वित्तवर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी को दूसरी तिमाही में 1,228.16 लाख की कुल राजस्व अर्जित की। एबिटडा 162.38 लाख रुपए और शुद्ध लाभ 102.66 लाख रुपए हासिल किए। जबकि पहली छमाही में कंपनी ने 2,369.51 लाख का कुल राजस्व प्राप्त किया। एबिटडा 327.48 लाख रुपए और शुद्ध लाभ 204.56 लाख रुपए हासिल किया। कंपनी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने कहाकि राजस्व वृद्धि हमारे गुणवत्ता पर अडिग ध्यान और गुजरात और उससे बाहर के पशुपालकों को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने को दर्शाती है।

### अमेजन की ब्लैक फ्राइडे सेल, 1 दिसंबर तक चलेगी

**बेंगलुरू।** अमेजन इंडिया ने शुक्रवार से ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की, जो 1 दिसंबर तक चलेगा। सेल के दौरान ग्राहक लाखों शुरुआती डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें होम डेकोर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और परिधान जैसी श्रेणियां शामिल हैं और यह एप्पल, सैमसंग, एचपी, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, अन्य प्रमुख ब्रांड्स से उपलब्ध हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 4.47 अरब डॉलर घटकर 688.10 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार के मूल्य में भारी गिरावट के कारण मुद्रा भंडार में कमी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.69 अरब डॉलर घटकर 560.6 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.67 अरब डॉलर घटकर 104.18 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 8.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.57 अरब डॉलर रहा।

- नवंबर के समाप्त सप्ताह में 688 .1 अरब डॉलर था
- स्वर्ण भंडार के मूल्य में गिरावट के कारण मुद्रा भंडार में आई कमी

**फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की बड़ी कार्रवाई**

# ओआरएस नाम से बिक रहे फ्रूट और एनर्जी ड्रिंक बाजार से हटाने के निर्देश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि बाजारों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर 'ओआरएस' नाम से बेचे जा रहे सभी फ्रूट-बेस्ड ड्रिंक्स, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स, रेडी-टू-सर्व ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स को तुरंत हटाया जाए। जानकारी के मुताबिक, कई कंपनियां अपने फ्रूट जूस या इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स को 'ओआरएस' नाम से बेचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही थीं, जबकि ये असली ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन नहीं हैं।




### नियमों के बावजूद बाजार में बिक रहे ये उत्पाद

एफएसएसएआई ने पाया कि आदेश के बावजूद कई ब्रांड अभी भी ओआरएस नाम का उपयोग कर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। यह प्रैक्टिस उपभोक्ताओं को भ्रमित करती है, क्योंकि वे इन पेय पदार्थों को असली ओआरएस समझकर खरीद लेते हैं। एफएसएसएआई ने यह भी स्पष्ट किया कि जुलाई 2022 और फरवरी 2024 में जारी वे पुराने निर्देश, जिनमें कुछ शर्तों के साथ ओआरएस शब्द के उपयोग की अनुमति दी गई थी, अब पूरी तरह वापस ले लिए गए हैं।

### एफएसएसएआई का सख्त निर्देश

एफएसएसएआई ने सभी राज्यों के फूड कमिश्नर्स को चिट्ठी लिखकर कहा कि भ्रामक और धोखा देने वाले नामों के साथ बेचे जा रहे इन उत्पादों को तत्काल मार्केट से हटाया जाए। दरअसल अक्टूबर में जारी अपने आदेश में एफएसएसएआई ने स्पष्ट कहा था कि किसी भी खाद्य उत्पाद के नाम या ब्रांड में 'ओआरएस' शब्द का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है, चाहे वह किसी प्रिफिक्स या सफिक्स के साथ ही क्यों न हो।

### सैमसंग ने लांच किया आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने जनरल इमेजिंग के लिए अपना सुपर-प्रीमियम, नेक्स्ट-जेनरेशन आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम लॉन्च करने की घोषणा की। आर20 जनरल इमेजिंग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, बेहतरीन इमेज क्लैरिटी, और क्लिनिशियन की सुविधा व दक्षता पर केंद्रित डिजाइन का संयोजन किया गया है। सैमसंग के अत्याधुनिक क्रिस्टल आर्किटेक्चर पर आधारित, आर20 जनरल इमेजिंग प्रयोगों की विस्तृत श्रृंखला में असाधारण इमेज एकरूपता, और पहुंच प्रदान करता है। कंपनी के प्रमुख, अतंत्रा दास गुप्ता ने कहाकि आर 20 सैमसंग के इंटेलिजेंट इनोवेशन के माध्यम से हेल्थकेयर को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



## वैश्विक बाजारों में मजबूत धारणा से सराफा में तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और निवेशकों की कारोबारी दिलचस्पी को देखते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,30,160 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बाजार के जानकारों ने यह कहा। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 3,000 रुपये मजबूत हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,29,560 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने में तेजी आई...। दिसंबर में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों से इसे समर्थन मिला।'' गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती को लेकर नई उम्मीद और डॉलर के स्थिर रहने से इस हफ्ते सोने की कीमतों को अच्छा समर्थन मिला है। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे सत्र में तेजी जारी रही और यह 3,000 रुपये बढ़कर 1,71,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को जो चांदी 1,55,000 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर थी वह पिछले चार सत्रों में 16,200 रुपये और बढ़ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 12.44, या 0.30 प्रतिशत बढ़कर 4,169.88 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**घरेलू खनन के जरिए देश की 20 फीसदी मांग पूरा करेगा**

# भारत सोने की कीमतें तय करने में भूमिका निभाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अगले दशक में घरेलू खनन के जरिये अपनी स्वर्ण मांग का लगभग 20 प्रतिशत पूरा कर सकता है, जिससे वह वैश्विक बाजार में 'प्राइस-मेकर' बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। स्वर्ण उद्योग के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को यह बात कही। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने यहां रत्न एवं आभूषण सम्मेलन में कहा कि पर्याप्त घरेलू खनन और मजबूत स्वर्ण बैंकिंग प्रणाली के अभाव में भारत अभी तक वैश्विक कीमतों का 'प्राइस-टेकर' बना हुआ है।

- देश वैश्विक बाजार में 'प्राइस-मेकर' बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा

### 24 कैरेट सोने की ईंट के निर्यात पर पाबंदी हटाई जाए

एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ समित गुहा ने पारदर्शित, नैतिक और संघर्ष-मुक्त सोने की आपूर्ति को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए ओईसीडी और एलबीएमए जैसे मानकों को अपनाना जरूरी है। गुहा ने 24 कैरेट सोने की ईंट एवं सिल्लों के निर्यात पर लगाई पाबंदी हटाने की जरूरत भी जताई। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2012-13 में इसके निर्यात पर पाबंदी लगाई थी।



### भारत अभी सोने की कीमतें खुद तय नहीं करता

भारत अभी सोने की कीमतें खुद तय नहीं करता है और वह विदेशी बाजारों में तय होने वाली कीमतों को मानने के लिए मजबूर होने की वजह से 'प्राइस-टेकर' है। लेकिन घरेलू स्तर पर सोने का खनन बढ़ने से वह इसकी कीमतों को भी प्रभावित या तय करने की क्षमता हासिल कर लेगा जो कि प्राइस-मेकर होगा।

### भारत की वैश्विक स्वर्ण कीमतों पर पकड़ मजबूत होगी

सीईओ ने उद्योग मंडल 'चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडिया' (सीसीआई) के सम्मेलन में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की पहल और बैंकिंग प्रणाली के विकास के साथ भारत की वैश्विक स्वर्ण कीमतों पर पकड़ मजबूत होगी और यह 'प्राइस मेकर' बनने का रुख करेगा।

### भारतीय उपभोक्ताओं के पास 25 हजार टन सोना

आदित्य बिड़ला समूह की नोवेल ज्वेल्स के सीईओ संदीप कोहली ने बताया कि भारतीय उपभोक्ताओं के पास करीब 25,000 टन सोना है, जबकि सरकार के पास केवल 800 टन सोना मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारत में सोने की इतनी बड़ी खपत होने के बावजूद उपभोक्ता कीमतों पर भारतीय बाजार का प्रभाव सीमित है।

## केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 52.6 फीसदी पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा सम्पूर्ण वित्त वर्ष के लक्ष्य का 52.6 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों में सरकार की आय एवं व्यय के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा, बजट अनुमान का 46.5 प्रतिशत रहा था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 8,25,144 करोड़ रुपये रहा। केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए कुल 15.69 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 4.4 प्रतिशत होगा। केंद्र की कुल आय अप्रैल-अक्टूबर, 2025 की अवधि में 18 लाख करोड़ रुपये रही, जिसमें 12.74 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 4.89 लाख करोड़ रुपये गैर-कर राजस्व और 37,095 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत आय शामिल है। इस दौरान केंद्र से राज्यों को कर हिस्सेदारी के रूप में 8,34,957 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 1,11,981 करोड़ रुपये अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र सरकार का कुल खर्च 26.25 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें से 20 लाख करोड़ रुपये राजस्व व्यय और 6.17 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के रूप में खर्च हुए। राजस्व व्यय में से 6.73 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 2.46 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी पर खर्च किए गए।

# विद्या वायर्स का आईपीओ तीन दिसंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** विद्या वायर्स ने अपने 300 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 48-52 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ तीन दिसंबर को बोली के लिए खुलेगा और पांच दिसंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक दो दिसंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 274 करोड़ रुपये के नए शेयर और 26 करोड़ रुपये के 50.01 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। कंपनी के शेयर के नौ दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। विद्या वायर्स महत्वपूर्ण उद्योगों एवं अनुप्रयोगों की एक श्रृंखला के लिए 'वाइंडिंग' एवं चालकता उत्पादों के सबसे बड़े विनिर्माताओं में से एक है।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय एस.एस.पी. महाविद्यालय, वारासिवनी जिला- बालाघाट (म.प्र.)**
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिशद (NAAC) द्वारा B - Grade प्राप्त)
Ph. 07633-253065 (O), FAX NO. 07633-253065
E-mail: hegspalewarbal@mp.gov.in Website: www.mp.gov.in\highereducation\gsspcbgt
क्रमांक / / कम्प्यु 03/2025 **निविदा सूचना** दिनांक 25/11/2025
कायालर्य प्राचार्य शासकीय एस.एस.पी. महाविद्यालय वारासिवनी, जिला – बालाघाट के पत्र क्रमांक 1916/क्रीडा/Comp-02 /2025 वारासिवनी दिनांक 10.11. 2025 व टेंडर आईडी 2025-HED-464509-1 के तहत क्रीडा सामग्री एवं पत्र क्रमांक 1947 / क्रीडा / Comp-02 /2025 वारासिवनी दिनांक 19.11.2025 व टेंडर आईडी 2025–HED-464510-1 के तहत प्रयोगशाला सामग्रियों के क्रय हेतु खुली निविदा का प्रकाशन एमपी टेंडर की वेबसाइट mptender.gov.in के माध्यम से जारी किया गया है। इच्छुक फर्म विस्तृत जानकारी उपरोक्तानुसार वेबसाइट में प्राप्त कर इन निविदाओं में भाग ले सकते है।
Principal
Govt. S.S,P.College Waraseoni (M.P.)

**पश्चिम मध्य रेल**
**यांत्रिक शाखा**
**खुली निविदा**
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट) / नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है :– **निविदा सूचना क्रमांक:** JBP-M-Tender-29-2025, दिनांक: 25.11.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** आरओएच डिपो एनकेजे में 3000 वैगनों का आरओएच । **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 67971628.16/–**बयाना राशि:** ₹ 489900.00/– **समापन अवधि:** 20 माह **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 16.12.2025 15:00 Hrs उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
(हस्ता.)
DRM (Mech) West Central Railway Jabalpur
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में ओवरहेड पावर लाइन के संशोधन के लिए ई-निविदा सूचना**
**निविदा क्र.:**23-CEE-C-SECR-2025
दिनांक: 20.11.2025
**कार्य का नाम:** एसईसी रेलवे, नागपुर मंडल के गुदमा - प्रतापबाग सेक्शन (गोंदिया बाई-पास लाइन) के बीच 33 केवी = 4 नग, 11 केवी = 14 नग, एलटी लाइन = 15 नग के लिए ओवरहेड पावर लाइन क्रॉसिंग का भूमिगत केबलिंग सिस्टम में संशोधन।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,33,18,831/- (रु. दो करोड़ तैंतीस लाख अठारह हजार आठ सौ इकतीस मात्र)
**बयाना राशि:** ₹ 2,66,600/- (रु. दो लाख छियासठ हजार छह सौ मात्र)
**बंद होने की तारीख और समय:** दिनांक **16.12.2025** को **15:30** बजे,
**कार्य पूर्ण होने की तारीख:** LOA जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने।
**वेबसाइट जानकारी और नोटिस बोर्ड स्थान:** ई-निविदा डॉक्यूमेंट, पात्रता मापदंड एवं उपरोक्त काम की पूरी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा डॉक्यूमेंट देखें / डाउनलोड
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/42-193
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज्ञी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।



सुरक्षा
अवधेश कुमार

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें

आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
अरविंद जयतिलक



# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू-कश्मीर में उसकी दुस्साहसपूर्ण गतिविधियां इसलिए चिंता पैदा करने वाली है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का आंगन उसके लिए खोल दिया है। उसी का नतीजा है कि इस्लामाबाद से चीन के उरुमची तक आवागमन तेज हो गया है। उचित होगा कि अब भारत बीजिंग-इस्लामाबाद के नापाक गठजोड़ का मुंहतोड़ जवाब दे। इसलिए भी कि आज दुनिया भारत के साथ है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– **महेश त्यागी**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं



चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्तिकरण को बढ़ावा



असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी



एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मेरी प्रकृति ही ऐसी



मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।

**-आमिर खान, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के बाढ़ राहत कार्य में सहयोग करेगा पोत 'विक्रांत'

श्रीलंका में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव और राहत अभियानों में भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' 2025 की तैयारियों के तहत 25-26 नवंबर को कोलंबो में तैनात किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान 'डिटवा' के कारण गंभीर मौसम के बीच जारी राहत कार्यों के लिए आईएनएस विक्रांत के विमानों के उपयोग हेतु औपचारिक अनुरोध किया गया था। श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 56 हो गई है, जबकि 21 लोग अब भी लापता हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। आपात स्थिति को देखते हुए, सरकार ने शुक्रवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।



## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

लाइफ Style

# तनुश्री

## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर



बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।

हॉलीवुड मसाला



# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'



# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।



## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

**बेटे ने कहा- पिता के जीवित होने का कोई सबूत नहीं'**

# पाकिस्तान में 'वेयर इज इमरान खान?' टॉप ट्रेंड

## पाक सरकार 'पूर्ण ब्लैकआउट' लागू कर स्थिति छिपा रही

## अडियाला जेल की 'डेथ सेल' में बंद हैं पूर्व पीएम

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री व स्टार क्रिकेटर इमरान खान के 'जीवित' होने को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर 'वेयर इज इमरान खान?' टॉप ट्रेंड बन गया है। स्थानीय जनता सवाल उठा रही है कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री वास्तव में सुरक्षित हैं या नहीं? इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पीटीआई) सहित यही सवाल उनके बेटे भी पूरी दुनिया के सामने रखा है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मदद की गुहार लगाई है।

इमरान के बेटे कासिम खान ने चिंताजनक बयान देते हुए कहा है कि पिछले छह हफ्तों से उन्हें अपने पिता के जीवित होने या सुरक्षित होने का कोई



प्रमाण नहीं मिला है। 'छह हफ्तों से हमें कोई फोन कॉल, कोई मीटिंग, कोई संदेश – कुछ भी नहीं मिला। मुझे और मेरे भाई को अपने पिता से किसी भी तरह का संपर्क नहीं कराया गया। सरकार ने 'जीवन का सबूत'उपलब्ध नहीं कराया है। कासिम ने एक्स पर आरोप लगाया है कि सरकार एक 'पूर्ण ब्लैकआउट' लागू कर उनके पिता की स्थिति को छिपा रही है। उन्होंने मानवाधिकार संगठनों, लोकतांत्रिक देशों और वैश्विक संस्थाओं से तत्काल हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाया जाए ताकि इमरान खान की सुरक्षा का प्रमाण दिया जाए और अदालत द्वारा आदेशित मुलाकातें तुरंत बहाल की जाएं।

**बहनों व खैबर सीएम को पुलिस ने पीटा**

इमरान को 2023 से भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की सजा के तहत अडियाला जेल में रखा गया है। पिछले 845 दिनों से वे गिरफ्तार हैं और पिछले कई हफ्तों से उन्हें अडियाला जेल की एक 'डेथ सेल' में एकांतवास में रखा गया है, जहां न पारिवारिक मुलाकात की अनुमति है, न फोन कॉल, न ही कानूनी सलाहकारों से मिलने दिया जा रहा है। तीन सप्ताह से पीटीआई नेताओं को भी 73 वर्षीय खान से मिलने नहीं दिया गया है। दो दिन पहले, इमरान की बहनों व पीटीआई की सरकार वाले खैबर पख्तूनवा सूबे के सीएम को भी अदालत से साफ आदेश होने के बावजूद मिलने से रोका गया और मारपीट की गई।

### इधर पाक सरकार का दावा, इमरान ठीक

*इस बीच, पाकिस्तान सरकार और उनके सलाहकार यह दावा कर रहे हैं कि इमरान खान बिल्कुल सुरक्षित हैं और उनकी सेहत को लेकर कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री के राजनीतिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने डॉन अखबार से बातचीत में स्पष्ट कहा कि 'इमरान खान बिल्कुल ठीक हैं, उनकी तबीयत या सुरक्षा को लेकर चिंता की कोई वजह नहीं है।' उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन नियमित रूप से उनकी सेहत, दवाइयों, भोजन और अन्य सुविधाओं का ध्यान रख रहा है।*

### खुद नहीं मिलेंगे तक नहीं होगा भरोसा : पीटीआई

*पीटीआई नेतृत्व लगातार मांग कर रहा है कि पार्टी संस्थापक इमरान खान से मुलाकात की अनुमति दी जाए। उनका कहना है कि पिछले तीन सप्ताह से न परिवार को, न वकीलों को उनसे मिलने दिया गया है, जिससे चिंता बढ़ती जा रही है। डॉनन्यूज़टीवी पर पीटीआई के वरिष्ठ नेता और सीनेटर अली ज़फर ने भी कहा कि मीडिया रिपोर्टें गलत साबित हुई हैं, लेकिन इसके बाद मुलाकात की अनुमति देना और भी ज़रूरी हो गया है। उनके अनुसार, 'जब तक हम खुद उनसे मिलकर यह न देख लें कि वह ठीक हैं, तब तक किसी को भरोसा नहीं होगा।'*

---

## खबर संक्षेप

### व्हाइट हाउस के पास हमले में महिला सैनिक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास अफगानी नागरिक द्वारा किए गए हमले में दो नेशनल गार्ड घायल हो गए। इसमें से एक जवान सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई है। वहीं, दूसरा सैनिक गंभीर हालत में अपनी जिदगी के लिए लड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने यह जानकारी दी। अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास हुए 'आतंकी हमले' के लिए ट्रंप ने बाइडेन-युग की इमिग्रेशन जांच की नाकामियों को जिम्मेदार ठहराया और शरण के मामलों की पूरी जांच का आदेश दिया।



### यूएई : पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है। हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डान ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80% आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा की हालत गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया BNP की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं। 'कल रात डॉक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। हमने 23 नवंबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा।'



---

## ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को सशर्त मंजूरी वोट पड़ेंगे, जीत भी मिलेगी, लेकिन कुर्सी पर सस्पेंस

## जहां 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण वहां के नतीजों पर अंतिम फैसला बाद की सुनवाई में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने निकाय चुनावों पर ओबीसी आरक्षण को लेकर चुनावी प्रक्रिया का सशर्त रास्ता साफ कर दिया। अदालत ने उन सभी नए निकायों में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण अधिसूचित करने पर रोक लगाई है, जिनके चुनाव अभी घोषित नहीं हुए हैं। वहीं, जिन नगर परिषदों और नगर पंचायतों में पहले से 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण अधिसूचित हो चुका है, वहां चुनाव तो तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे, लेकिन उनके नतीजे रिट याचिकाओं के अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगे। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने मामले को तीन-न्यायाधीशों की बड़ी बेंच को भेजते हुए अगली सुनवाई 21 जनवरी तय की है।



### 'आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं'

*सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन निकायों के चुनाव अभी नहीं घोषित हुए हैं, उनमें किसी भी स्थिति में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। कोर्ट को यह भी बताया गया कि केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों के अधीन रहेंगे।*

### 2 दिसंबर को होने हैं निकाय चुनाव

सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील बलबीर सिंह ने कोर्ट को बताया कि 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 2 दिसंबर को मतदान होना है। इनमें से 40 नगर परिषद और 17 नगर पंचायत ऐसे हैं जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक है। वहीं दूसरी ओर, 29 महानगरपालिका, 32 जिला परिषद और 346 पंचायत समितियों के चुनाव अभी अधिसूचित नहीं हुए हैं।

**2021 से नहीं हुए हैं निकाय चुनाव**

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण के चलते स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए थे, जब सुप्रीम कोर्ट ने 'ट्रिपल टेस्ट' पूरा किए बिना आरक्षण पर रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने जे.के. बंठिया आयोग का गठन किया, जिसने जुलाई 2022 में रिपोर्ट सौंपी। मई 2025 में अदालत ने निर्देश दिया कि चुनाव चार महीने में कराए जाएं और आरक्षण बंठिया आयोग से पहले की स्थिति के अनुसार लागू हो, लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि इसे 50% से अधिक आरक्षण की अनुमति मान लेना गलत व्याख्या है।

## ऑनलाइन टिकट वालों को दुर्घटना बीमा ऑफलाइन यात्रियों से भेदभाव क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रेल से एक अहम सवाल पूछा है दुर्घटना बीमा कवर सिर्फ ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले यात्रियों को ही क्यों दिया जाता है, जबकि ऑफलाइन टिकट लेने वाले लाखों यात्री इससे वंचित रहते हैं? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ को बताया गया कि अभी तक यह सुविधा केवल ऑनलाइन टिकट बुक करने वालों तक सीमित है। रेलवे की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से कोर्ट ने इस अंतर का

### सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से मांगा जवाब

कारण स्पष्ट करने के लिए निर्देश दिया। अब रेलवे को अगली सुनवाई यानी 13 जनवरी तक बीमा संबंधी मुद्दे पर विस्तृत जवाब देना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया और कहा कि शुरुआत में रेलवे ट्रैक और क्रॉसिंग की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यहीं से अन्य सुधारों का रास्ता साफ होता है। इसके साथ ही कोर्ट ने रेलवे से पूरे तंत्र में सुधार की योजनाओं को जारी रखने को कहा।

### गरीबवादियों के लिए आधी रात तक अदालत में बैठूंगा : सीजेआई

*प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि गरीब वादियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता है और वह उनके लिए अदालत में आधी रात तक बैठ सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'मेरे न्यायालय में कोई विलासितापूर्ण मुकदमा नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे मामले धनी वादीगण द्वारा लड़े जाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने तिलक सिंह डांगी नामक व्यक्ति द्वारा केंद्र और अन्य के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। इस दौरान, सीजेआई के साथ न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी थे।*

## यूपी और महाराष्ट्र में आधार नहीं होगा जन्म तिथि का प्रमाण

**रद्द होंगे आधार से बने जन्म प्रमाण पत्र**




**नई दिल्ली।** यूपी और महाराष्ट्र में आधार कार्ड को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। यूपी और महाराष्ट्र में आधार कार्ड को अब जन्म तिथि का प्रमाण नहीं माना जाएगा। यूपी सरकार के नियोजन विभाग ने अब आधार कार्ड को बर्थ डेट सर्टिफिकेट के रूप में मान्य करने के मना कर दिया है। मतलब यूपी में अब आधार कार्ड जन्म तिथि का प्रमाण नहीं माना जाएगा। किसी भी सरकारी काम के लिए आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रामाणिक दस्तावेज के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने सभी विभागों के प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिवों को आदेश जारी कर सूचित कर दिया है। साथ ही महाराष्ट्र में भी केवल आधार कार्ड ने बने सभी जन्म प्रमाण पत्र रद्द किए जाएंगे। बता दें कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने गत 31 अक्तूबर एक पत्र जारी किया था। इसमें विभाग ने बताया था कि आधार कार्ड जन्म तिथि का अनुमन्य प्रमाण नहीं है। योगी सरकार ने इसी पत्र को आधार बनाकर नियोजन विभाग को आदेश देने के लिए कहा।

### इसलिए उठाया कदम

महाराष्ट्र में राज्य राजस्व विभाग ने नोटिस जारी करते हुए बताया कि विलंबित जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए आधार कार्ड को एक दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा और जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के बाद केवल आधार कार्ड के माध्यम से बनाए गए सभी जन्म प्रमाण पत्र रद्द कर दिए जाएंगे। सरकार ने यह फैसला फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के अवैध इस्तेमाल को रोकने के लिए लिया है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आधार कार्ड का इस्तेमाल करके जारी किए गए सभी संदिग्ध प्रमाण पत्रों को रद्द करने का आदेश दिया है।

---

# अनंतनाग में जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना ध्वस्त, मददगार भी दबोचा

**सुरक्षाबलों का एक्शन, विस्फोटक भी बरामद**



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के अवंतीपोरा पुलिस और सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई अवंतीपोरा के ननार मीडूरा क्षेत्र में की गई, जहां विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस, 42 आरआर और 180 बटालियन सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान नजीर अहमद गनई, पुत्र अब्दुल अजीज गनई, निवासी गनई मोहल्ला ननार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार नजीर जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ है और वह आतंकियों को सहायता प्रदान करता रहा है। पूछताछ में नजीर ने अपने बागान में छिपाए गए एक आतंकी ठिकाने की जानकारी दी।

### हैंड ग्रैनेड, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक मिले

नजीर की निशानदेही पर सुरक्षा बल जब बागान में पहुंचे तो वहां छिपा हुआ ठिकाना मिला। तलाशी में दो हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर और विस्फोटक जैसा पदार्थ बरामद किया गया। बरामद सामग्री को जांच के लिए जब्त किया गया। ठिकाने को मौके पर मौजूद कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि नजीर लंबे समय से ट्राल और अवंतीपोरा क्षेत्र में सक्रिय जैश आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। वह हथियारों और गोला-बारूद की आवाजाही में भी मदद करता था, जिससे इलाके में आतंकियों की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा था।

## गांव से खाना लेकर जंगल भागे 3 आतंकी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में तीन संदिग्ध आतंकियों की आवाजाही की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, ये आतंकवादी चिल्ला बलोथा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति से खाना लेने पहुंचे थे, जिसके बाद पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया। सूचना मिलते ही भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF की ज्वाइंट टीम हरकत में आई. सुरक्षा बलों ने जंगलों, पहाड़ी इलाकों और गांवों में गहन तलाशी अभियान चलाया। इलाके की घेराबंदी बढ़ा दी गई है और सभी मेन आने-जाने वाले रूट्स पर निगरानी तेज कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि उच्च सतर्कता बरती जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा बलों ने कहा कि यह अभियान सिर्फ इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया है।



## अपार्टमेंटों में अब भी घना धुआं टॉर्च लेकर जले शवों की तलाश

एजेंसी ▶▶| ताईपो

हांगकांग में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट परिसर में लगी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मी दूसरे दिन भी संघर्ष करते रहे। इस हादसे के बाद मृतकों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 128 हो गई। बचावकर्मी टॉर्च लेकर जले हुए टॉवरों के पास एक अपार्टमेंट से दूसरे अपार्टमेंट में जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन दल अब भी सात टॉवरों के सभी घरों में हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, वांग फुक कोर्ट परिसर की कुछ खिड़कियों से घना धुआं निकल रहा था। उत्तरी उपनगर ताई पो जिले में स्थित इन इमारतों में हजारों लोग रहते हैं। अग्नि सेवा अभियान के उप निदेशक डेरेक आर्मस्ट्रांग चान ने कहा, 'हमारा अग्निशमन अभियान लगभग पूरा हो गया है। अगला चरण गहन तलाशी और बचाव अभियान है।' यह




### हजार लोग अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित

दमकल सेवा विभाग के अनुसार, इस भीषण अग्निकांड में 128 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अग्निशमन कर्मियों सहित 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रात भर में लगभग 1000 लोगों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया है।

आग बुधवार दोपहर को बांस के मचान और निर्माण जाल से शुरू हुई मानी जा रही है, जो तेजी से सात इमारतों में फैल गई।

---

## बच्चों के लिए साफ हवा मांग रहीं मांओं से मिले राहुल गांधी

# 'बच्चे जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, सरकार क्यों चुप हैं?'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण चिंता का सबब बन गया है। हर कोई हलाकान है, इस बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने आवास पर दिल्ली की महिलाओं के एक समूह और वॉरियर्स मॉमः मदर्स फॉर क्लीन एयर संस्था के सदस्यों के साथ बातचीत की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बातचीत का वीडियो शेयर कर संसद के शीतकालीन सत्र से पहले प्रदूषण को लेकर सदन में विस्तृत चर्चा की मांग की। राहुल ने साथ ही प्रदूषण पर दिल्ली व केंद्र सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए, उन्होंने कहा,'बच्चे जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, प्रधानमंत्री भी क्यों चुप हैं?' उन्होंने प्रदूषण से निपटने के लिए सख्त और प्रभावी एक्शन प्लान की मांग करते हुए पूछा कि सरकार इस मुद्दे पर एक्टिव क्यों नहीं है।

**एलओपी ने सरकार से पूछे सवाल प्रभावी एक्शन प्लान बनाने कहा**



### भयावह राष्ट्रीय आपदा के बीच सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, इतनी भयावह राष्ट्रीय आपदा बीच भी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है और समय तेजी से हमारे हाथों से फिसल रहा है। भारत को तुरंत इस पर गंभीर चर्चा और निर्णायक कार्रवाई चाहिए ताकि हमारे बच्चे साफ हवा तक के लिए संघर्ष न करें बल्कि एक ऐसे भारत में बड़े हों जो उन्हें सेहत, सुरक्षा और उभरने का पूरा आसमान दे सकें।

### लोग थके हुए डरे हुए और गुस्से में हैं

*राहुल ने वीडियो में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वो कहती हैं कि उनका बच्चा जहरीली हवा में सांस लेकर बड़ा हो रहा है। लोग थके, डरे हुए और गुस्से में हैं। मोदी जी भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। हमारे बच्चे स्वच्छ हवा में सांस लेना डिजर्व करते हैं। राहुल ने कहा, बच्चों का दर्द सबसे गहरी चोट की तरह मांओं के दिल में उतरता है। दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ रहीं ऐसी ही कुछ साहसी मांओं से मिला- वे अपने ही नहीं, पूरे देश के बच्चों के भविष्य को लेकर डरी हुई हैं। जहरीली हवा से छोटे-छोटे बच्चे फेफड़ों, दिल और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।*

**जंग के बीच 800 करोड़ का घोटाला**

## जेलेंस्की के करीबी सलाहकार एंड्री येरमाक के घर छापेमारी

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस से चल रही जंग के बीच यूक्रेन में 800 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। घोटाले की जांच के दौरान राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सबसे भरोसेमंद सलाहकार और चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर पर एंटी-करप्शन एजेंसियों ने छापेमारी की है। यूक्रेन की राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी (नाबू) और सैप (विशेष एंटी-करप्शन अभियोजन कार्यालय) ने येरमाक के अपार्टमेंट की तलाशी ली है। एजेंसियों ने कहा कि यह कार्रवाई अदालत की अनुमति से की गई है। हालांकि अब



तक जेलेंस्की या येरमाक पर किसी भी गलत काम का आरोप नहीं लगा है। 54 वर्षीय येरमाक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जांच टीमें उनके घर पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रही हैं। उनके वकील भी मौजूद हैं। येरमाक ने बताया कि वो जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### टोरेंट फार्मास्युटिकल्स पर 41 करोड़ रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जीएसटी प्राधिकरण ने वस्तु के निर्यात पर कथित रूप से गलत 'रिफंड' के लिए टोरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड पर 41 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यायनिर्णय प्राधिकरण के संयुक्त आयुक्त, ने 41,33,84,165 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है।

### आईआईपी का आंकड़ा एक दिसंबर को जारी होगा



**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन का अक्टूबर का आंकड़ा एक दिसंबर को जारी किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़ा आमतौर पर हर महीने की 28 तारीख को या अगर 28 तारीख को छुट्टी होती है तो अगले कार्य दिवस पर जारी किया जाता है।

### मीशो के आईपीओ का मूल्य दायरा तय



**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 5,421 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है। कंपनी ने इसके लिए 105-111 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे मूल्य के ऊपरी छोर पर मीशो का मूल्यांकन 50,096 करोड़ रुपये (5.6 अरब अमेरिकी डॉलर) बैठता है।

# निफ्टी, बैंक निफ्टी समेत कई इंडेक्सों का बदलेगा लॉट साइज, नए नियम का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अपने कई प्रमुख इंडेक्स डेरिवेटिव्स के लॉट साइज में जनवरी 2026 से बदलाव करने जा रहा है। यह बदलाव मार्केट रेगुलेटर सेबी (सेबी) के निर्देशों के तहत हो रहा है, जिसमें उसने कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू को 10 से 15 लाख के बीच बनाए रखने का निर्देश दिया था। एक्सचेंज की ओर से जारी सर्कुलर में ये जानकारी दी गई थी। निफ्टी 50 इंडेक्स का लॉट साइज 75 से घटाकर 65 किया जाएगा। वहीं निफ्टी बैंक का लॉट साइज 35 से घटाकर 30 कर दिया जाएगा। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज का लॉट साइज 65 से घटाकर 60 किया जाएगा।निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट का लॉट साइज 140 से घटाकर 120 होगा। हालांकि एनएसई ने साफ किया है कि निफ्टी नेक्स्ट-50 के लॉट साइज में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### एनएसई अपने लॉट साइज में जनवरी 2026 से बदलाव करने जा रहा

#### मौजूदा लॉट साइज 23 दिसंबर 2025 को एक्सपायर होगा

नए लॉट साइज दिसंबर 2025 की एक्सपायरी के बाद यानी जनवरी की एक्सपायरी साइकल से लागू हो जाएंगे। तब तक सभी वीकली और मंथली कॉन्ट्रैक्ट्स मौजूदा लॉट साइज के आधार पर ही ट्रेड होंगे। मौजूदा लॉट साइज वाला आखिरी वीकली कॉन्ट्रैक्ट 23 दिसंबर, 2025 को एक्सपायर होगा। वहीं मौजूदा लॉट साइज वाला आखिरी मंथली कॉन्ट्रैक्ट 30 दिसंबर, 2025 को एक्सपायर होगा।



#### पहला वीकली कॉन्ट्रैक्ट 6 जनवरी 2026 से होगा शुरू

नए लॉट साइज वाले वीकली कॉन्ट्रैक्ट का पहला सेट 6 जनवरी 2026 की एक्सपायरी से शुरू होगा। वहीं इन बदलावों वाला पहला मंथली कॉन्ट्रैक्ट की एक्सपायरी 27 जनवरी, 2026 को होगी। इसके अलावा, तिमाही और छमाही कॉन्ट्रैक्ट भी 30 दिसंबर 2025 को दिन के आखिर से नए लॉट साइज पर शिफ्ट हो जाएंगे। एनएसई ने कहा कि मार्च 2026 का कॉन्ट्रैक्ट, जिसे असल में तिमाही एक्सपायरी के तौर पर पेश किया गया था, दिसंबर 2025 की मंथली एक्सपायरी के बाद से फार-मंथ कॉन्ट्रैक्ट माना जाएगा।

#### रिटेल ट्रेडर्स के लिए क्या होगा बदलाव?

*लॉट साइज में कटौती से फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) के कॉन्ट्रैक्ट का कुल मूल्य घटेगा। इससे रिटेल ट्रेडर्स के लिए मार्जिन खर्च कम हो जाता है और इससे इंडेक्स फ्यूचर्स और ऑप्शंस शायद अधिक सस्ते हो जाते हैं। हालांकि, मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि हर छह महीने में होने वाले ऐसे बदलाव ऑपरेशनल जटिलता बढ़ा सकते हैं और ब्रोकर्स व ट्रेडर्स के लिए अतिरिक्त एडजस्टमेंट करनी पड़ती है। इस पर एनएसई ने कहा कि नए लॉट साइज में शिफ्ट को बिना किसी रुकावट के लागू करने के लिए टाइमलाइन को इस तरह तैयार किया गया है कि सभी कॉन्ट्रैक्ट्स रोलओवर के साथ सहज रूप से नए नियमों में ट्रांजिशन कर सकें।*

### वाणिज्य व उद्योग मंत्री गोयल ने की टिप्पणी

# अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर सक्रियता से बातचीत कर रहा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई व्यापारिक साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत इन समझौतों के जरिये अपने ''विश्वसनीय'' व्यापारिक साझेदारों के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। मंत्री ने कहा, '' हम सभी ने व्यापार को हथियार बनते देखा है। हम सभी ने दुनिया भर में विश्वसनीय साझेदारों के महत्व को देखा है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा शुल्क में भारी बढ़ोतरी ने वैश्विक व्यापार को बाधित कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इसमें रूस से तेल खरीद को लेकर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

#### बहरीन व कतर भी बातचीत में शामिल

गोयल ने कहा कि इस समय भारत, अलग-अलग देशों और करीब 50 राष्ट्र समूहों के साथ बातचीत कर रहा है। भारत, ओमान के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। साथ ही बहरीन तथा कतर भी बातचीत में शामिल होना चाहते हैं। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) भी व्यापार समझौते पर वार्ता को इच्छुक है।

#### 27 देशों के यूरोपीय समूह से बातचीत चल रही

*मंत्री ने यहां उद्योग मंडल 'फिक्की' की वार्षिक आम बैठक में कहा, '' छह देशों का पूरा समूह इसमें शामिल होना चाहेगा। हम न्यूजीलैंड से बात कर रहे हैं... हम अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है।*

- भारत इन समझौतों के जरिए विश्वसनीय संबंधों को बढ़ावा दे रहा
- मंत्री ने कहा, हम सभी ने व्यापार को हथियार बनते देखा है
- भारत, अलग-अलग करीब 50 राष्ट्र समूहों के साथ बातचीत कर रहा



*पहला चरण साल के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य : मंत्री ने इस समझौते के पहले चरण को इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने कहा कि भारत 10 देशों के आसियान समूह और कोरिया के साथ अपने व्यापार समझौतों की समीक्षा कर रहा है ताकि इसमें और अधिक संतुलन लाया जा सके। आसियान के सदस्यों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।*

*खाड़ी देशों के साथ भी बातचीत जारी जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। ओमान के साथ बातचीत लगभग पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा कि बहरीन और कतर भारत के साथ बातचीत करना चाहते हैं। जीसीसी से भी इस संबंध में बातचीत हो रही है।*

#### एसएसीयू भी बातचीत करना चाह रहा

गोयल ने कहा कि पांच सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) और मर्कोसुर समूह भी बातचीत करना चाहते हैं। एसएसीयू राष्ट्रों में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, बोत्सवाना, लेसोथो एवं एस्वातिनी शामिल हैं और यह दुनिया का सबसे पुराना सीमा शुल्क संघ है जो एक सदी से भी अधिक पुराना है। मर्कोसुर, लातिन अमेरिका का एक व्यापारिक समूह है जिसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे शामिल हैं।

#### पांच देशों के समूह ने ईएईयू पर किए हस्ताक्षर

भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) ने 20 अगस्त को समझौते के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए। ईएईयू के पांच सदस्य देश रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान हैं।

# प्रयोगशाला में बने हीरे का मानक बनाने पर विचार कर रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- चांदी के आभूषण व कलाकृतियों के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू
- सरकार सोने चांदी की ईंटों पर भी हॉलमार्किंग शुरू करने की इच्छुक

चांदी के आभूषणों और कलाकृतियों के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू करने के बाद अब सरकार सराफा (सोने-चांदी की ईंटें या बार) पर भी हॉलमार्किंग लागू करने पर विचार कर रही है। इससे आभूषण विनिर्माताओं को शुद्ध और प्रमाणित कच्चा माल मिल सकेगा।

इसके साथ ही उपभोक्ताओं को प्राकृतिक हीरे और प्रयोगशाला में बने हीरे के बीच अंतर समझने के लिए एक ढांचा तैयार करने की योजना भी बनाई जा रही है। इससे इस खंड में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। हॉलमार्किंग कीमती धातुओं की शुद्धता का प्रमाणीकरण है। जून 2021 से सोने के आभूषणों के लिए यह अनिवार्य है, जबकि एक सितंबर 2025 से चांदी के आभूषणों और कलाकृतियों के लिए इसे स्वैच्छिक कर दिया गया है। उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम रत्न एवं आभूषण सम्मेलन में उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि सोने की हॉलमार्किंग को मिली शानदार प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर सरकार ने चांदी की हॉलमार्किंग को स्वैच्छिक किया है। ''हम देख रहे हैं कि लोगों की प्रतिक्रिया क्या है, रुझान क्या है। हमारे लिए सबसे जरूरी है कि देश में चांदी के आभूषण पहनने वाले उपभोक्ता भी भरोसेमंद उत्पाद खरीदें।

#### लोग प्रयोगशाला में बने हीरा खरीदना चाहते हैं

सरकार ने प्रयोगशाला में बने हीरे से आभूषण बनाने वालों से यह स्पष्ट घोषणा करने को कहा है कि वे क्या बेच रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में आभूषण खरीदते समय लोग कीमत को लेकर बहुत संवेदनशील नहीं होते। अच्छी चीज पर खर्च कर देते हैं, लेकिन ठगे नहीं जाना चाहिए। जो लोग प्रयोगशाला में बने हीरे खरीदना चाहते हैं, उन्हें पूरी तरह पता होना चाहिए कि वे क्या खरीद रहे हैं।''

## मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक बंदलिश ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** प्रमुख दूध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक (एमडी) मनीष बंदलिश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बंदलिश का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होगा। उन्होंने मार्च 2021 में मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक का पद संभाला था। मदर डेयरी से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बंदलिश के कंपनी से अलग होने की पुष्टि की। मनीष बंदलिश ने मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक पद से हटने का फैसला किया है ताकि वह कंपनी के बाहर अपने पेशेवर लक्ष्यों को पूरा कर सकें। उनका 'नोटिस पीरियड' 30 नवंबर 2025 को पूरा होगा।''

## निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद

- जीडीपी के आंकड़े आने से पहले निवेशकों का सतर्क रुख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्थिक वृद्धि दर के आंकड़े आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 85,969.89 के ऊपरी और 85,577.82 अंक के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी भी 12.60 अंक यानी 0.05 प्रतिशत गिरकर 26,202.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में दो दिनों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। नए शिखर पर पहुंच गए थे लेकिन बाद में मुनाफावसूली हावी होने से मामूली बढ़त के ही साथ बंद हुए थे।



*एसबीआई के शेयर में रही तेजी : दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी देखने को मिली। विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी कोषों के एक बार फिर बिकवाल हो जाने और वैश्विक बाजार के कारोबार में नरमी की वजह से शेयर बाजार सीमित दायरे में रहे।*

### एप्पल नोएडा में खोलेगा पांचवां भारतीय स्टोर




**नई दिल्ली।** एप्पल ने भारत में अपना पांचवां स्टोर नोएडा में खोलने की शुक्रवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में स्थित एप्पल के नोएडा स्टोर का उद्घाटन 11 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें कहा गया, '' यह देश में एप्पल के खुदरा विस्तार में एक और उपलब्धि है जो नोएडा में ग्राहकों को एप्पल उत्पादों को जानने एवं खरीदने के नए तरीके प्रदान करता है। साथ ही एप्पल की असाधारण सेवा का व्यक्तिगत रूप से अनुभव करने का मौका देता है।''

### सुदीप फार्मा का शेयर 24 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सुदीप फार्मा लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 593 रुपये के मुकाबले करीब 24 प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 23.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 733.95 रुपये पर शुरुआत की।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 (39274)( रायपुर /04/ दिस./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## लिवर ट्रांसप्लांट और रोबोटिक सर्जरी पर जागरूकता बढ़ाने हुआ कार्यक्रम



**जबलपुर।** गंभीर लिवर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए समय पर जांच, सही समय पर इलाज और बेहतर जीवनदर बढ़ाने के प्रयास में, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने लिवर ट्रांसप्लांट और आधुनिक रोबोटिक तकनीक से होने वाली सर्जिकल प्रगति पर केंद्रित एक व्यापक जागरूकता सत्र आयोजित किया। लिवर सिरोसिस, फैटी लिवर, हेपेटाइटिस इन्फेक्शन और गलत जीवनशैली से होने वाली लिवर समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि लोगों में जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। लिवर के उन्नत इलाज की जरूरत पर बात करते हुए,डॉ. राजविलास नारखेडे, डायरेक्टर – जीआई सर्जरी एवं लिवर ट्रांसप्लांट, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा: "लिवर ट्रांसप्लांट तकनीक में बहुत तेजी से प्रगति हुई है। जिसकी वजह से मरीज लंबी और बेहतर जिंदगी जी सकते हैं।

## एनसीएलटी ने कारोबारियों के बीच एकमुश्त निपटान योजना की मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) और कारोबारियों के बीच एकमुश्त निपटान योजना को मंजूरी दे दी है। इससे 5,682 कारोबारियों को 1,950 करोड़ रुपये के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। एनएसईएल ने शुक्रवार को बयान में कहा कि समझौते में 31 जुलाई 2024 तक कारोबारियों को उनके बकाया के आधार पर आनुपातिक भुगतान करने की परिकल्पना की गई है। इसके बदले में समूह के खिलाफ कानूनी मामलों को बंद कर दिया जाएगा और सभी व्यापारियों के अधिकारों को 63 मून्स को सौंप दिया जाएगा। एनएसईएल ने अपनी मूल कंपनी 63 मून्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से कारोबारियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं अंतिम समाधान के लिए एनसीएलटी मुंबई के समक्ष निपटान योजना दायर की थी। न्यायाधिकरण द्वारा मतदान कराए जाने पर संख्या के आधार पर 92.81 प्रतिशत तथा मूल्य के आधार पर 91.35 प्रतिशत व्यापारियों ने समझौते के पक्ष में मतदान किया। यह दूसरी बार है जब 63 मून्स ने व्यापारियों की मदद के लिए कदम उठाया है।

## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6062



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6061 का हल



## सूडोकू नवताल - 6072

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6071 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# श्रीलंका में दितवाह तूफान से 56 की मौत, 600 घर तबाह, पीएम मोदी ने जताया दुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते लगातार हो रही भारी बारिश और इसके प्रभाव से पैदा हो रहे भूस्खलन की वजह से हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देश में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रहे। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं, जबकि 14 घायल बताए जा रहे हैं। इस तूफान का दितवाह नाम यमन ने दिया है, यह रोस्टर के अनुसार है जिसमें उत्तरी हिंद महासागर के ऊपर ट्रॉपिकल साइक्लोन के नाम सूची किए गए हैं।

## तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूबे

**12313** परिवार प्रभावित

**3490** लोगों को बचाया

**20000** से अधिक जवान बचाव कार्य में जुटे

**43991** लोग अत्यधिक खराब मौसम से प्रभावित हुए



श्रीलंका के केलानिया में भारी बारिश के बाद घर डूबे हुए

### भारी बारिश से नदियां उफान पर

श्रीलंका के अन्य हिस्सों में भी भूस्खलनों से कई लोगों की जान गई है। लगातार तेज बारिश से अधिकतर नदियां और जलाशय उफान पर हैं। इसके चलते कई सड़कें बंद हैं। चट्टानें, पेड़ और मिट्टी गिरने से कई रास्ते और रेलवे ट्रैक बंद हो गए। इसी वजह से यात्री ट्रेनों की सेवाएं भी रोक दी गईं। श्रीलंका की वायुसेना, नौसेना और पुलिस नावों की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है।

**रविवार तक जारी रहेगी भारी बारिश**

*श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो ने कहा कि सेना ने प्रभावित जिलों में रेस्क्यू, राहत और जानकारी शेयर करने की कोशिशों को लेकर तालमेल बिठाने के लिए एक सेंट्रल ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया है। 20,500 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। अब तक कुल 3,490 लोगों को बचाया गया और उन्हें दूसरी जगह बसाया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि रविवार तक भारी बारिश जारी रहेगी।*

### 72 घंटों में 46 मौतें हुई

आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।

### कई फ्लाइट्स डायवर्ट

मस्कट, दुबई, नई दिल्ली और बैंकॉक समेत छह फ्लाइट्स को कोलंबो के बंदरनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहले ही रीडायरेक्ट कर दिया गया था। श्रीलंका जाने वाली पांच फ्लाइट्स (जिनमें से तीन मिडिल ईस्ट रीजन से और एक-एक मलेशिया और भारत से थीं) को शुक्रवार को कोलंबो में खराब मौसम के कारण डायवर्ट कर दिया गया।

### भारत में अलर्ट जारी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि तमिलनाडु के उत्तरी हिस्सों, पुदुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी किया गया है। दितवाह पिछले छह घंटों में 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार से उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ता रहेगा और 30 नवंबर की सुबह तक तमिलनाडु, पुदुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटों से टकराएगा।

### भारत ने तुरंत राहत सामग्री भेजी

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि श्रीलंका के उन लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है जिन्होंने तूफान दितवाह की वजह से अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, पुनर्वास और जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। अपने सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी के साथ एकजुटता दिखाते हुए, भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत तुरंत राहत सामग्री और जरूरी एचएडीआर सपोर्ट भेजा है। हम और मदद देने के लिए तैयार हैं। भारत जरूरत के समय में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### हिफजुर रहमान बने लीबिया के राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने डॉक्टर हिफजुर रहमान को लीबिया में भारत का नया राजदूत बनाया है।



इससे पहले वह चाड गणराज्य के राजदूत थे। अब वह जल्द ही लीबिया में अपना नया पद संभालेंगे। विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. हिफजुर रहमान को लीबिया राज्य में भारत का एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। भारत ने 1969 में त्रिपोली में अपना डिप्लोमैटिक मिशन खोला था। भारत-लीबिया रिश्तों का सबसे अहम पड़ाव 1984 में स्व. पीएम इंदिरा गांधी का लीबिया दौरा था।

### कपिल का षड्यंत्रकारी बंधु मान सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की



साजिश रचने के मामले में गैंगस्टर बंधु मान सिंह को गिरफ्तार किया है। वह गोल्डी ढिल्लों गिरोह का एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से एक चाइनीज पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। कपिल शर्मा के कनाडा स्थित 'कैप्स कैफे' पर पहली बार जुलाई में, दूसरी बार अगस्त में और तीसरी बार दिवाली से पहले फायरिंग हुई थी।

### दक्षिणी सीरिया में गोलीबारी में 13 की मौत

**दमिश्क।** इजराइली सेना ने दक्षिणी सीरिया के एक गांव में छापेमारी की



और इस दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा प्रतिरोध किये जाने पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए। स्थानीयअधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह हमला 'एक भयानक नरसंहार' था और मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना बेत जिन गांव में घुसकर स्थानीय लोगों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी।

## वॉशिंगटन में आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसला

# 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों की 'सघन जांच' की जाएगी

**अपराधियों पर लगाम लगाना बेहद जरूरी**

*ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं*

अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे

गैर-अमेरिकियों को सरकारी लाभ और सब्सिडी देना बंद करेंगे

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि वे थर्ड वर्ल्ड देशों (वे देश जो चुनौतियों से जूझ रहे हैं) से आने वाले प्रवासियों को स्थाई रूप से रोक देंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका में हो रही अवैध घुसपैठ और अपराधों पर नियंत्रण के लिए जरूरी है। यह बयान तब आया जब हाल ही में वॉशिंगटन डीसी में एक अफगान मूल के नागरिक रहमानुल्लाह लकनवाल ने दो नेशनल गार्ड सैनिकों पर गोली चलाई। इस हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, अमेरिका जरूरत पड़ने पर उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। गैर-अमेरिकियों को मिलने वाले सरकारी लाभ और सब्सिडी बंद करने की भी बात कही। ट्रंप ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका में रह रहे 'गैरकानूनी और असामाजिक समूहों' के चलते देश में अपराध, बेरोजगारी और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है।

### पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की पुनर्वास नीति का यह दुखद परिणाम



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीतियों को इस हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन ने लाखों लोगों को बिना जांच के अमेरिका में आने दिया। गुरुवार को वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड्स पर हमले के आरोपी की पहचान रहमानुल्लाह लकनवाल के रूप में हुई है, जो अफगानिस्तान का मूल निवासी है और साल 2021 में अमेरिका आया था। वह अफगानिस्तान में सीआईए के साथ काम कर चुका था और अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद बाइडन सरकार की पुनर्वास नीति के तहत अमेरिका आया था।

### इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया कड़ी होगी

घटना के बाद यूएस सिटीजन एंड इमीग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब 19 देशों से आने वाली इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया में सुरक्षा जांच और कड़ी होगी। देश की स्थिति और जोखिम स्तर को भी ध्यान में रखा जाएगा। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है। गुरुवार के हमले के बाद यूएससीआईएस ने ऐलान किया है कि अफगान नागरिकों के सभी अप्रवासन आवेदनों को अनिश्चितकाल के लिए बर्खास्त कर दिया गया है।

### अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा

यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी एल्डो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर मैं सभी संबंधित देशों से आने वाले एलियंस के ग्रीन कार्ड की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लिखा कि 'अमेरिका और अमेरिका के लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। अमेरिकी लोग पूर्व की सरकार की बेकार पुनर्वास नीति की कीमत नहीं चुकाएंगे। अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

### हमला इंसानियत के खिलाफ

ट्रंप ने कहा कि यह घिनौना हमला बुराई, नफरत और आतंक का काम था। यह देश और इंसानियत के खिलाफ एक जुर्म था। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध व्यक्ति अफगानिस्तान से हमारे देश में आया है, जो धरती पर एक नरक है।

## पाकिस्तान की उड़ी नींद

# भारत और अफगानिस्तान ने की 900 करोड़ की डील



दुबई में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान की प्रमुख दवा कंपनियों ने 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 900 करोड़ रुपए) के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। अफगानिस्तान की रोफी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज और भारत की जाइडस लाइफसाइंसेज के बीच दुबई में इस समझौता ज्ञापन पर साइन किया गया है। इसे अफगानिस्तान के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के पदचिह्न का विस्तार करते हुए वहां की फार्मास्युटिकल क्षमता के पुनर्निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौता ज्ञापन पर दुबई में अफगान वाणिज्य दूतावास में साइन किया गया। इस मौके पर अफगान राजदूत और वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारी मौजूद रहे।

### भारत दवाएं निर्यात करेगा

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत के प्रमुख दवा निर्माताओं में से एक, जायडस लाइफ साइंसेज, शुरुआत में अफगानिस्तान को दवाएं निर्यात करेगा। समय के साथ, कंपनी अपना प्रतिनिधि कार्यालय अफगानिस्तान में ट्रांसफर कर देगी और वहां घरेलू स्तर पर दवा उत्पादन शुरू कर देगी। स्थानीय विनिर्माण के लिए तकनीकी डेटा और जानकारी का ट्रांसफर पहले ही शुरू हो चुका है। अफगानिस्तान ने समझौते को स्वास्थ्य देखभाल मानकों में सुधार, घटिया आयातित दवाओं पर निर्भरता कम करने और अफगान फार्मास्युटिकल सुविधाओं की तकनीकी क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया।

### पाक के साथ अफगानिस्तान का अनुबंध समाप्त

तालिबान ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। अफगान कंपनियों को तीन महीने के भीतर पाकिस्तानी सप्लायर्स के साथ दवा व्यापार संबंध खत्म करने का निर्देश दिया गया है। इसलिए नए भारत-अफगानिस्तान समझौते को व्यापक रूप से पाकिस्तान के लिए सीधे झटके के रूप में देखा जाता है, जो परंपरागत रूप से अफगानिस्तान के लिए एक प्रमुख पारगमन (ट्रांजिट) और व्यापार केंद्र के रूप में काम करता है। यह व्यापार साझेदारी में विविधता लाने, नई दिल्ली के साथ रणनीतिक संबंधों को गहरा करने और पाकिस्तानी व्यापार चैनलों पर निर्भरता कम करने के काबुल के इरादे का संकेत देता है।

## अडाणी समूह को ऑस्ट्रेलिया में राहत

# कोर्ट ने एक्टिविस्ट को गोपनीय डेटा की जांच प्राप्त करने से रोका, विवाद खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट से अडाणी समूह की एक कंपनी को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने एक जीवाश्म ईंधन विरोधी एक्टिविस्ट को अडाणी की कारमाइकल कोयला खदानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने और उसका उपयोग करने से रोकने के लिए स्थाई आदेश जारी किया है। इस तरह अडाणी समूह और उसके लंबे समय से एक विरोधी के बीच कई वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। अडाणी समूह से जुड़ी कंपनी ब्रावस माइनिंग एंड रिसोर्सेज की ओर से



गौतम अडाणी

जारी एक बयान के अनुसार, बेन पेनिंग्स को ब्रावस के कर्मचारियों, ठेकेदारों या भावी ठेकेदारों से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी प्राप्त करने के सभी प्रयासों को रोकना होगा। इसके साथ ही उन्हें दूसरों को ऐसी जानकारी का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करने से भी रोक दिया।

## इमरान खान से मिलने नहीं दे रहे

# पूर्व पीएम की बहन ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दायर की याचिका

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने उन्हें जेल में बंद अपने भाई से मिलने की अनुमति न देने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अदियाला जेल के अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की। अलीमा खान ने यह याचिका खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सोहैल आफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च



अलीमा खान

न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें अदालत ने 73 वर्षीय खान से सप्ताह में दो बार मुलाकात करने की अनुमति दी थी। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। उन्होंने अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है।

## स्काई डाइनिंग में खराबी, 3 घंटे हवा में रहे पर्यटक

इडुक्की। केरल के इडुक्की जिले के मुन्नार के पास अनाचल में शुरू की गई स्काई डाइनिंग फैसिलिटी में शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। यहां भोजन के दौरान 120 फीट ऊंचाई पर लटका प्लेटफ़ॉर्म अचानक तकनीकी खराबी के कारण हवा में अटक गया, जिसमें पांच लोग तीन घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।



## हिंद महासागर में दाखिल हुआ चौथा चीनी जासूसी जहाज

# भारत की के-4 मिसाइल के परीक्षण को पैदा हुआ खतरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत हिंद महासागर में मिसाइल परीक्षण की योजना बना रहा है। इसके लिए समुद्र के एक बड़े इलाके में नोटम भी जारी किया गया है। इसमें ओडिशा के चांदीपुर टेस्टिंग रेंज से बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के निर्धारित इलाके को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस बीच इस इलाके में चीन के चार-चार जासूसी जहाजों के पहुंचने से हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। ये सभी चीनी जासूसी जहाज अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में ऑपरेट हो रहे हैं, लेकिन इनकी रेंज समुद्र की तलहटी से लेकर आसमान की ऊंचाईयों तक हर छोटी-बड़ी हरकत पर नजर रखने की है। ऐसे में भारत के मिसाइल परीक्षण को खतरा पैदा हो गया है।

हिंद महासागर 1 से 4 दिसंबर तक नो फ्लाई जोन घोषित

मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 3,500 किलोमीटर




हिंद महासागर में नो फ्लाई जोन केसरिया रंग में

### चीन एकत्रित करेगा वैज्ञानिक जानकारी

चीन अपने जासूसी जहाजों को सर्वेक्षण पोत बताता है। उसने हर बार इस बात से इनकार किया है कि ये जहाज जासूसी मिशन को अंजाम देते हैं। हालांकि, चीन इन जासूसी जहाजों का इस्तेमाल सैन्य और वैज्ञानिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करता है। इसमें समुद्री तक के मानचित्रण के अलावा आसमान में जासूसी तक शामिल हैं। इन जहाजों में लगे सिस्टम दुश्मन के देश के हवाई यातायात पर नजर रख सकते हैं। इतना ही नहीं, ये सोनार सिग्नल को डिकेक्ट कर युद्धपोतों और पनडुब्बियों की कॉल साइन तक जान सकते हैं।

**हिंद महासागर में चीन के चार जासूसी जहाज**

चीन के जासूसी जहाज शी यान 6 अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पास मौजूद है। यह जहाज कुछ दिनों पहले ही मलक्का जलडमरूमध्य से हिंद महासागर में प्रवेश किया था। दूसरा जासूसी जहाज शेन ही यी हाओ हिंद महासागर में अंडमान निकोबार के दक्षिण में ऑपरेट कर रहा है। वहीं, तीसरा जासूसी जहाज लेन हाई 201 मालदीव के पास मौजूद है और समुद्र का सर्वे कर रहा है। अभी चौथा जासूसी जहाज लेन हाई 101 मलक्का जलडमरूमध्य से हिंद महासागर की ओर बढ़ता दिखा है।

### पनडुब्बी से लॉन्च होगी भारतीय मिसाइल

नोटम को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि भारत जल्द ही पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली मिसाइल के-4 का परीक्षण कर सकता है। यह नोटम 1 से 4 दिसंबर के बीच प्रभावी है। इसमें 3484 किलोमीटर के क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। के-4 मध्यम दूरी की पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इसकी मारक क्षमता लगभग 3,500 किलोमीटर है और यह ठोस रॉकेट प्रणोदक से चलती है। इसे मुख्य रूप से भारतीय नौसेना की अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों को लैस करने के लिए बनाया गया है।

## रिहायशी इलाके में हांगकांग अग्निकांड

# मृतकों की संख्या बढ़कर 128, जली हुई इमारतों से मिल रहे शव, 3 अरेस्ट

एजेंसी ⏭ हांगकांग

हांगकांग की रिहायशी इमारतों में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 128 हो गया है। हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस तांग ने बताया कि जली हुई इमारतों से शव बरामद हो रहे हैं और मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बुधवार दोपहर में हांगकांग के ताई पो इलाके में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर में आठ इमारतों में से सात में आग लग गई थी। इमारतों में पुनर्निर्माण के काम के लिए बांस की मचान लगी हुई थी, जिनके चलते आग तेजी से फैली और एक इमारत से शुरू हुई आग ने सात इमारतों को चपेट में ले लिया। एक हजार से ज्यादा अग्निशमन दल के जवानों ने 24 घंटे



आग के बाद इमारतों से निकलता धुआं

में आग पर नियंत्रण पाया था। जिस परिसर में आग लगी, उसमें करीब दो हजार फ्लैट हैं, जिनमें करीब 4800 लोग रह रहे थे। हादसे में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें 11 अग्निशमन दल के जवान हैं। हांगकांग पुलिस ने हादसे में लापरवाही बरतने को लेकर एक निर्माण कंपनी के निदेशकों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



## फीफा अंडर-17 विश्व चैंपियन, पुर्तगाल ने जीता खिताब

**दोहा।** पुर्तगाल ने फीफा अंडर-17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4-2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की। फीफा अंडर-17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है।



## रोमा ने मिड्टजिलैंड को दी शिकस्त, दर्ज की पहली घरेलू जीत

**नॉटिंघमशायर।** रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।



## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, हासिल किए तीन प्वाइंट्स

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

## खबर संक्षेप



### उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और 2 दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होंगे। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है।

### महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने नीवा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं। नीवा ने कहा, 'भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिछले कार्यकाल में यहां पांच साल शानदार रहे। मैं इस अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



### तीन अंडर 69 के स्कोर से 10वें स्थान पर अदिति

**मलागा।** अदिति अशोक



एंडालूसिया कोस्टा डेल सेल ओपन डि एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीन बर्डी और एक ईगल किया लेकिन दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। लेडीज यूरोपीय टूर पर कई बार की विजेता अदिति शीर्ष पर चल रही डेनमार्क की समिला टार्निंग सोंडरबी और थाईलैंड की त्रिचाट चेंगलाब से तीन शॉट पीछे हैं, जो छह अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए पहला दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। अवनि प्रशांत 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 27वें जबकि हिताषी बख्शी (73) संयुक्त रूप से 45वें पायदान पर हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : म्हात्रे ने जड़ा टी20 करियर का पहला शतक

# आयुष ने 49 गेंद में ठोका शतक, 16 छक्के-चौके लगाकर किया कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने टी20 करियर का पहला शतक लगाते हुए मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत दिला दी। विदर्भ से ग्रुप एक के मुकाबले में मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए म्हात्रे ने 110 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे मुंबई ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। म्हात्रे ने 53 गेंद खेली और आठ छक्के व इतने ही चौके लगाए। इससे पहले विदर्भ ने अथर्व ताइडे के 64 और अमन मोखाडे के 61 रन के दम पर नौ विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की ओर से शिवम दुबे और सैराज पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

### आयुष ने 20 गेंद में लगाई फिफ्टी

म्हात्रे ने 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। म्हात्रे ने छक्का लगाकर टी20 करियर का पहला शतक 49 गेंद में पूरा किया। वहीं दुबे ने 19 गेंद में तीन छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 39 रन की तूफानी पारी खेली। इससे मुंबई ने बड़े आराम से जीत हासिल की. विदर्भ के पास उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे जैसे बॉलर थे लेकिन कोई भी म्हात्रे को रोक नहीं पाया।



### हिम्मत सिंह ने जड़ा छक्का, टीम को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** यश धुल की 46 गेंद में 71 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी। दिल्ली ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। धुल ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच पर दिल्ली की पकड़ बनाए रखी। उन्होंने प्रियांश आर्य (15 गेंद में 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 52, कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आयुष बडोनी (23 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश के खिलाफ वैभव के बल्ले से नहीं निकले रन

मध्य प्रदेश और बिहार की टीम के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें बिहार को 62 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके बाद बिहार की टीम सिर्फ 112 रनों पर सिमट गई। मैच में वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। वैभव सूर्यवंशी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 9 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। उनके अलावा कप्तान शाकिबुल गनी भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बिहार की टीम के लिए सिर्फ विपिन सौरभ ने ही कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की और उन्होंने 24 गेंदों में कुल 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के जड़े। बिहार की पूरी टीम 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर्स में टीम ने 112 रन बनाए। इसी वजह से उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

### राजस्थान ने त्रिपुरा को हराया

ग्रुप के एक अन्य मैच में राजस्थान ने सात गेंद शेष रहते त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। कमलेश नागरकोटी के तीन विकेट से त्रिपुरा को सात विकेट पर 169 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने शुभम गढ़वाल की 20 गेंद में 50 रन की पारी के बूते 18.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौड़ ने 18 गेंद में नाबाद 33 रन की आक्रामक पारी खेली। उत्तराखंड ने कुणाल चंदेला (94) और आंजनेय सूर्यवंशी की नाबाद 73 रन की पारी से सौराष्ट्र को छह विकेट से हराया। सौराष्ट्र को सात विकेट पर 183 रन पर रोकने के बाद उत्तराखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### एशेज टेस्ट

## 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉगेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे।

### ओपनर उस्मान ख्वाजा टीम में शामिल

टीम में अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को शामिल किया गया है। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ में खेल गए सीरीज के पहले मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को गाबा में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन करेगी,जिसके बाद सोमवार को एक सेशन होगा। बता दे कि पर्थ स्टेडियम में खेले गए सीरीज के शुरुआती मैच में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 172 रन पर सिमट गई थी। इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट हासिल किए थे।

**कमिंस की एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना :** दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा। कमिंस हालांकि टीम के अभ्यास करना जारी रखने के लिए ब्रिसबेन जाएंगे। उनके 17 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है। कमिंस को इससे पहले शुक्रवार को ही सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र में स्मिथ को गेंदबाजी करते हुए देखा गया था।

# अंडर-19 एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान, वैभव टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारुप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारुप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।



### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज। स्टैंडबाई खिलाड़ीः राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बीके किशोर,आदित्य रावत।

### हॉकी विश्व कप में जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**मदुरै।** गत चैंपियन जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। सात बार के चैंपियन जर्मनी की ओर से जस्टस वारवेग ने 19वें और 56वें मिनट में मैदानी गोल दागे जबकि बेन हैशबैक (43वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर (44वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया। पूल ए के पहले मैच में आयरलैंड ने कड़े मुकाबले में कनाडा को 4-3 से हराया। आयरलैंड को 13वें मिनट में लुई रोव से बढ़त दिलाई लेकिन गुरनूर भुल्लर ने 26वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। रोव ने 33वें मिनट में एक और मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जबकि ग्रेगरी विलियम्स ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर आयरलैंड को 3-1 से आगे कर दिया। माइलो थॉम्पसन ने एक और मैदानी गोल दागकर आयरलैंड की बढ़त को 4-1 किया।



# पाकिस्तान को हराकर ट्राई सीरीज के फाइनल में श्रीलंका, चमीरा को 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा (20 रन पर चार) ने लक्ष्य का बचाव करते हुए आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन खर्च किए, जिससे श्रीलंका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी। टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।



### आगा की नाबाद पारी नहीं दिला सकी जीत

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 63 रनों की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चमीरा ने पावरप्ले में अपने शुरुआती दो ओवर में तीन रन पर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और फिर आखिरी ओवर में क्रीज पर आगा की मौजूदगी के बावजूद 10 रन का शानदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने चौथे ओवर में साहिबजादा फरहान (नौ) को धीमी गेंद पर गच्चा देने के बाद बाबर आजम (शून्य) को खाता खोले बगैर पगबाधा किया।

## 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में होंगे मैच

# भारतीय टीम श्रीलंका से खेलेगी 5 मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था।

हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला



| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 21 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 23 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 26 दिसंबर, तिरुवनंतपुरम |
| चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 28 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 30 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |

### श्रीलंका टीम 2016 के बाद भारत में खेलेगी सीरीज

*पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेना था। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में कोई द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी, जिसे मेजबान टीम ने 3-0 से जीता था। भारतीय महिला टीम ने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में अपनी पिछली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी। टीम ने इस श्रृंखला को 3-2 से जीत कर इतिहास रचा था। यह इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टीम की पहली टी20 श्रृंखला जीत थी।*

# पुणे ग्रैंड टूर 19 जनवरी से भारत की दो टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** देश की पहली 'यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई)' 2.2 श्रेणी की रोड रेस चैंपियनशिप 'पुणे ग्रैंड टूर' के शुरुआती सत्र का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) इसमें दो टीमें उतारेगा। इन टीमों का चयन ओडिशा के संबलपुर में दो से छह दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल से होगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का आकलन 28 दिसंबर को पुणे में एक राष्ट्रीय रोड रेस के माध्यम से किया जाएगा। भारत 'ए' और भारत 'बी' की उपस्थिति से उभरते और अनुभवी साइकिल चालक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिलेगा। 'बजाज पुणे ग्रैंड टूर' भारत में वैश्विक साइकिलिंग का प्रमुख आयोजन है। इसका उद्देश्य पुणे और भारत को यूसीआई के वैश्विक कैलेंडर में स्थायी रूप से शामिल करना है।

VEHICLE AVAILABLE
for SALE
Tata Nexon Model 2022
MP51-CA-6913
Tata Yodha 2.0 Model 2023
MP20-ZE-4373
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936,
Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590




## हाईकोर्ट ने आपराधिक अवमानना की कार्रवाई निरस्त की

# महिला जज से अभद्रता प्रकरण में अधिवक्ता को बिना शर्त माफी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जिला अदालत खंडवा में पदस्थ महिला जज से अभद्रता के आरोपित अधिवक्ता द्वारा बिना शर्त माफी मांगे जाने पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई समाप्त कर दी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ़ की डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादी इस न्यायालय और सिविल न्यायाधीश को दिए गए अपने वचन व आश्वासन से बंधा है। लिहाजा, उसे राहत प्रदान की जाती है।

दरअसल, खंडवा निवासी अधिवक्ता ह्दयेश बाजपेयी के विरुद्ध आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज किया गया है। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व में नोटिस जारी किया था। आरोपित अधिवक्ता के आचरण को गंभीरता से लेते हुए जिला अदालत खंडवा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण हाई कोर्ट भेज दिया था। जिसमें साफ किया था कि खंडवा कोर्ट की महिला जज की अदालत में 22 अप्रैल, 2025 को चेक बाउंस के परिवाद की सुनवाई होना थी। पहले चरण में पुकार लगवाने के बाद भी एक पक्ष के



वकील ह्दयेश बाजपेयी हाजिर नहीं हुए। दोबारा हुई सुनवाई के दौरान वकील बाजपेयी आए, तब महिला जज ने उन्हें तलवाना पेश करने कहा। इससे बाजपेयी नाराज हो गए और जज के विरुद्ध अत्यंत अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग कर दिया। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने मामले में संज्ञान लिया था। न्यायालय के निर्देश पर अनावेदक अधिवक्ता बाजपेयी उपस्थित हुए जिन्होंने शपथ पत्र पेश कर बिना शर्त माफी मांगी, साथ ही उनकी ओर से बताया गया कि संबंधित अदालत में भी उनकी ओर से क्षमा याचना की गई है। पूरे मामले का अवलोकन के बाद हाई कोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई समाप्त कर दी।

## सिवनी हवाला लूट कांड की आरोपी पूजा पांडे की जमानत पर सुनवाई टली

**जबलपुर।** कटनी से जालना, नागपुर जा रही कार से हवाला के 2.96 करोड़ रूपये लूटने के मामले में आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई टल गई। मामला जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत था। लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई टाल दी गई। अगली सुनवाई दिसंबर के प्रथम सप्ताह में होगी। उल्लेखनीय है कि विगत आठ व नौ अक्टूबर की रात को सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था। जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये हवाला की रकम थी। उक्त मामले को रफा दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपितों से साठगांठ की थी। इतना ही नहीं बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी। उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अपहरण, लूट व अपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार किया गया था। सेशन कोर्ट से जमानत अर्जी निरस्त होने के बाद पूजा पांडे ने जमानत पाने हाई कोर्ट की शरण ली है।

### डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में शामिल होंगी 80 नई टिपर गाड़ियां

## शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत करने एमआईसी की पहल

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन बेड़े में 80 नए टिपर वाहनों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे स्वच्छता कार्य और अधिक सुचारू होने की उम्मीद है। नगर निगम की आय बढ़ाने के उद्देश्य से टैक्स डिमांड बढ़ाने हेतु संभाग क्रमांक 13 में आउटसोर्स पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने को भी हरी झंडी दी गई। बैठक में एक



महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बताया गया कि जयनारायण गुप्त (ब्लूम) चौक से भंवरताल गार्डन तक का मार्ग अब "ओशो साधना पथ" के नाम से जाना जाएगा। बैठक में शहर विकास से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एमआइसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू सहित नगर निगम के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान संपूर्ण विश्व में प्रशंसित : जस्टिस विवेक जैन

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन ने कहा कि भारतीय संविधान संपूर्ण विश्व में प्रशंसित है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका मूलभूत ढ़ांचा बड़े ही सुनियोजित तरीके से तैयार किया गया है। वे अधिवक्ता परिषद महाकाशल प्रांत की जबलपुर इकाई द्वारा संविधान का मूल भूत ढांचा विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान तेज कुमार मोढ़, राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य, प्रदीप सिंह सेंगर, क्षेत्रीय मंत्री, एमपी-सीजी, सुयश मोहन गुरु, डिप्टी सालिसिटर जनरल, डीके जैन, अध्यक्ष हाईकोर्ट बार, नीलम दत्त, महिला प्रमुख महाकोशल प्रांत, सुनील कुमार गुप्ता, मंत्री महाकौशल प्रांत, गजेंद्र सिंह, महामंत्री हाई कोर्ट ईकाई व राम मिलन प्रजापति, अध्यक्ष जिला न्यायालय ईकाई, जबलपुर मंचासीन थे। सरस्वती वंदना नव नामांकित अधिवक्ता आकांक्षा शुक्ला, शिखा द्विवेदी, सृष्टि रावत, आयुषी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत की गई। अधिवक्ता साक्षी सक्सेना ने अतिथि परिचय दिया। प्रदीप सिंह सेंगर क्षेत्रीय मंत्री द्वारा उपस्थित सभी अधिवक्तागणों को अधिवक्ता परिषद की स्थापना व इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

स्टेट बार के वाइस चेयरमैन ने डीजीपी को लिखा पत्र

## अधिवक्ता संघ की अनुमति के बिना न हो वकीलों की गिरफ्तारी

**जबलपुर।** प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से वकीलों को मनमाने तरीके से गिरफ्तार किए जाने की शिकायतों को एमपी स्टेट बार काउंसिल ने गंभीरता से लिया है। काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को एक पत्र भेजकर मांग की है कि अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व सचिव की अनुमति के बिना किसी भी वकील की गिरफ्तारी न हो। विशेषकर नियमित वकालत करने वाले वकीलों के मामले में पुलिस गंभीरता का परिचय दे।

उक्त पत्र में कहा गया है कि मप्र में सवा लाख से अधिक वकील व्यवसायरत हैं। वकालत एक नोबल प्रोफेशन है। अधिवक्ताओं को कोर्ट आफिसर की गरिमा प्राप्त है। वे न्यायदान की अहम कड़ी हैं। अक्सर देखा जाता है कि किसी भी पक्षकार की एफआइआर पर बिना विवेचना के किसी भी अधिवक्ता को पुलिस थाने में बैठाकर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है जो कि न्यायोचित नहीं है। यदि किसी भी अधिवक्ता के विरुद्ध किसी भी पुलिस थाने में रिपोर्ट होती है तो इसकी जानकारी स्टेट बार या संबंधित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी को दें, ताकि सही बात का पता लग सकें। यह भी देखा जाता है कि अधिवक्ता विशेषकर जूनियर अधिवक्ताओं के साथ पुलिस थानों में पुलिस अफसरों द्वारा अभद्रता की जाती है, जो कि गलत है। इस संबंध में एक ज्ञापन अंजुल बजाज सहित अन्य अधिवक्ताओं द्वारा दिया गया है। जिसमें आरोप लगाया है कि पुलिस कर्मचारियों द्वारा न्यायालयों में चालान जमा करने के लिये उनके द्वारा पक्षकारों को भी साथ लाया जाता है। समरी ट्रायल वाले केसों में पक्षकारों से लंबी रकम लेकर स्वयं ही जुर्माना भर दिया जाता हैं। जिससे अधिवक्तागणों और जूनियर अधिवक्तागणों को काफी आर्थिक हानि होती है। इस समस्या का उचित निराकरण होना चाहिए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240